26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 11 नवम्बर, 2025

अंक- 18 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# अमोनियम नाइट्रेट-फ्यूल ऑयल और डेटोनेटर से किया धमाका

## फरीदाबाद के गांवों में 1000 जवान मेगा सर्च के लिए उतरे

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दिल्ली ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या 12 हो गई है। इस बीच फरीदाबाद पुलिस ने आसपास के गावों में मेगा ऑपरेशन चला रखा है। फरीदाबाद पुलिस गांव धौज, फतेहपुर तगा में सर्च ऑपरेशन चला रही है। अलफलाह मेडिकल कॉलेज में भी सर्च ऑपरेशन चल रहा है। इस पूरे ऑपरेशन में 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल हैं। बता दें कि दिल्ली ब्लास्ट के लिंक फरीदाबाद में बरामद अमोनियम नाइट्रेट से जुड़ रहे हैं। पुलिस की टीमें घर घर जा रही है और सर्च कर रही है। इस इलाके में मौजूद कारों को खोल खोल कर पुलिस तलाशी कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस अलफलाह मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों का बैकग्राउंड और उनकी गतिविधियों की जानकारी इकट्ठा कर रही है। पुलिस कारों को खुलवा खुलवा कर उसके सीएनजी सिलेंडर चेक कर रही है। फरीदाबाद के एसएचओ ने बताया कि कल की घटना के बाद पूरे गांव में ऑपरेशन में चलाया जा रहा है। इस बीच जांच एजेंसियों को पता चला है कि दिल्ली ब्लास्ट के लिए अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल ऑयल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया है। इस अटैक के आरोपी आतंकी डॉ. उमर मोहम्मद आरोपी की नई तस्वीर सामने आई है। अब तक की जानकारी के अनुसार जब लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास ब्लास्ट हुआ उस समय कार में डॉ उमर मोहम्मद ही मौजूद था। डॉ. उमर मोहम्मद इस दौरान काले रंग का मास्क पहना हुआ था। इस बीच पुलिस ने लाल किले मेट्रो स्टेशन और लाल किले को बंद कर दिया है। लाल किला 13 नवंबर तक के लिए बंद कर दिया गया है। डॉ. उमर मोहम्मद अलफलाह मेडिकल कॉलेज में बतौर डॉक्टर काम कर रहा है। वो जम्मू-कश्मीर के पुलवामा का रहने वाला है। पुलिस ने डॉ उमर के दो भाइयों आशिक अहमद और जरूर अहमद को भी हिरासत में ले लिया है। साथ ही डॉ उमर की मां से भी पूछताछ की जा रही है।





डॉ उमर मोहम्मद

सम्बंधित खबरें अन्य पृष्ठों पर भी

## लाल किला विस्फोट की साजिश रचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा- मोदी

**थिंपू (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार देर शाम हुए विस्फोट की साजिश रचने वाले और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। भूटान की दो दिवसीय यात्रा पर आये श्री मोदी ने ग्लोबल पीस फेस्टिवल में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए विस्फोट में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

तत्काल आवश्यकता है हॉस्पिटल स्टॉफ की

हॉस्पिटल स्टॉफ, ओ.टी. तकनीशियन एवं आई.सी.यू. स्टॉफ, एक्स-रे तकनीशियन नर्सिंग स्टाफ (मेल/फीमेल), मेल स्वीपर

- ओ0टी0 तकनीशियन डिप्लोमा अनिवार्य
- नर्सिंग स्टाफ (B.Sc. नर्सिंग/GNM/ANM अनिवार्य)
- मेल स्वीपर
- अनुभव 1 वर्ष से अधिक
- कृपया रिज्यूम के साथ इंटरव्यू में प्रवेश करे
- वेतन अनुभव व योग्यता अनुसार
- कृपया इच्छुक अभ्यार्थी सम्पर्क करें।

इंटरव्यू का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

Male and Female both can apply

आवश्यकता है

राजमिलन बैंकेट हॉल, बिजनौर के निकट स्थित एक क्लीनिक पर स्टाफ (मेल) की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें- मो. 8394942102

Now In Bijnor
Carrier Midea
CARRIER MIDEA INDIA
(Air Conditioners)
For Trade Enquries called
Authorised Distributor
VINSUR PRODUCTS
Geeta Nagari, Bijnor 246701
Mob.: 9219690223

ओम काल भैरवाय नमः! जय भैरव बाबा!

भैरव बाबा अष्टमी के शुभ अवसर पर
7वां विशाल भण्डारा
दिन, दिनांक : 12 नवम्बर 2025, बुधवार/ समय- प्रातः 11 बजे से प्रभु इच्छा तक
स्थान- श्री मां-कालिका मंदिर, झालू रोड, बिजनौर
निवेदक/मुख्य यजमानः- देवेन्द्र कुमार, रजनीश कुमार, दुष्यंत कुमार (शीरे वाले)
निवास- नई बस्ती, बिजनौर





## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 12 नवम्बर 2025**

मेष- वाक्‌पटुता से कार्यों में सफलता, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, परोपकार में प्रवृत्ति, आर्थिक लाभ।

वृषभ- व्यक्तिगत समस्या का समाधान, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, प्रतिष्ठा में वृद्धि, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, हर्ष भी।

मिथुन- ग्रहयोग बेहतर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति का सिलसिला, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, समस्याएँ सुलझने की ओर, व्यक्तित्व का विकास।

कर्क- सुख शान्ति का अभाव, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, प्रियजनों से मतभेद, आय में न्यूनता, व्यवहार में जरा सी लापरवाही नुकसानदायक, यात्रा में परेशानी, धनहानि की आशंका।

सिंह- स्वास्थ्य सुधार पर, जिम्मेदारियों को निभाने में अधिक व्यय, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, धन संचय में प्रवृत्ति, राजकीय पक्ष से सहयोग, आर्थिक प्रगति, लाभ का सुयोग।

कन्या- विविध पक्षों में अनुकूलता, जीवन में उपलब्धि, मनो-विनोद के साधन सुलभ, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, शत्रु परास्त, धर्म में आस्था, मन प्रसन्न।

तुला- व्यापार में विस्तार, अधिकारियों से सहयोग, आय के स्रोत, मित्रों से गलतफहमी दूर, परिश्रम के अनुरूप सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मानसम्मान में वृद्धि।

वृश्चिक- विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ उत्पन्न, सोचे हुए कार्य अधूरे।

धनु- स्वास्थ्य सुधार पर, कुछेक समस्याओं का समाधान, नव उत्तरदायित्व का निर्वाह, वाद-विवाद का समापन, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, मानसिक उत्साह।

मकर- कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक क्रियाकलापों में रुचि, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, नूतन पदाधिकार की प्राप्ति, सुयश की प्राप्ति।

कुम्भ- समय शुभ,कार्य-व्यवसाय में अनुकूलता, व्यक्तित्व का विकास, भौतिक सुख के साधन सुलभ, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, मेल-मिलाप में रुचि।

मीन- योजना अधूरी, संकल्प-विकल्प से सफलता में शंका, स्पष्टवादिता घातक, अधी-नस्थ सहयोगियों से तनाव, विचारों में उग्रता, वाद-विवाद से कष्ट, विरोधी सक्रिय।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# मानवता के संदेशवाहक थे गुरु नानक देव- जसजीत कौर

## नूरपुर में पंच प्यारों की अगुवाई में निकली भव्य शोभायात्रा






**नूरपुर ( चिंगारी )**। श्री गुरु सिंघ सभा नूरपुर के तत्वावधान में सोमवार को श्री गुरु नानक देव महाराज के 556वें प्रकाशोत्सव पर पंज प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इससे पहले खालसा इंटर कॉलेज के मैदान में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया में महान कीर्तन दरबार सजाया गया, जिसका शुभारंभ हजूरी रागी टीकम सिंह ने गुरुवाणी शब्दगान कर किया। इसके उपरांत अमृतसर से पधारे पंथ के विद्वान रागी भाई अमनदीप सिंह व भाई मनजीत सिंह, पटियाला से पधारे भगवान सिंह फौजी ने कल तारण गुरु नानक आया आदि मधुर गुरुवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। इस अवसर पर डीएम जसजीत कौर ने कहा कि गुरुनानक मानवता के संदेशवाहक थे, उन्होंने संगत को उनके बताए मार्गो पर चलने का संदेश दिया। समागम के दौरान मंच पर विराजमान पंज प्यारों, चार साहिबजादों को सरोपा पहनाने के बाद जिलाधिकारी जसजीत कौर,भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बॉबी, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, पालिकाध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह को गुरु की बख्शीश कृपाण, प्रतीक चिन्ह व सरोपा देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा भाजपा नगराध्यक्ष निशांत कर्णवाल, पुष्पेंद्र शेखावत, अजय सिंह राठौर, खालसा इंटर कालेज के प्रबंधक कुलवंत सिंह, अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, सम्पूर्ण लंगर के सेवादार भगत सिंह आदि को सरोपा व प्रतीक चिन्ह व सचिन जोशी, संजीव गुर्जर, प्रणय मनु गुप्ता आदि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।



डीएम जसजीत कौर व चेयरमैन डॉ. एम.पी. सिंह को सम्मानित करते हुए गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी।

शोभायात्रा में श्री ननकाना साहिब से पहुंची सुगंधित फूलों से सजी विशेष बस में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी सुशोभित थी तथा गुरुघर के सेवक प्रसाद का वितरण कर रहे थे। इसके साथ ही गुरुघर के सेवक झाड़ू व पानी से मार्ग को सफाई व पुष्पवर्षा करते चल रहे थे। सुंदर झांकियों के अलावा पंजाब से आए ढोल व अखाड़ा दल ने हैरतअंगेज करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति और श्रद्धा के माहौल में 'वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' के जयघोष से नगर गूंज उठा। कमेटी के संचालक संरक्षक गुलशरण सिंह, जोगेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रधान गुरनाम सिंह चिंटू, जनरल सेकेट्री राजन सिंह मुंशी, अजीत सिंह, रोहित मुंशी, गुणवंत सिंह राठौर आदि का योगदान रहा।

# मेमन सादात में धूमधाम से मनाया गया स्काउट-गाइड स्थापना दिवस

## लोगों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक




**किरतपुर ( चिंगारी )**। जमीयत यूथ क्लब के तत्वावधान में दारुल उलूम रशीदिया, ग्राम मेमन सादात में सोमवार को स्काउट गाइड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने न केवल अनुशासन और जनसेवा का संदेश दिया, बल्कि लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान स्काउटस ने राहगीरों और वाहन चालकों को यातायात सुरक्षा से जुड़े स्टीकर लगाकर नियमों के प्रति जागरूक किया तथा शांति, सेवा और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस मौके पर दारुल उलूम रशीदिया के प्रबंधक मौलाना मुहम्मद कलीमुज्जमां ने बताया कि भारत में स्काउटिंग की स्थापना वर्ष 1909 में स्काउट एसोसिएशन की एक शाखा के रूप में हुई थी, जबकि 1938 में यह संगठन विश्व स्काउट आंदोलन से जुड़ गया।

इस अवसर पर जमीयत यूथ क्लब बिजनौर के जिला सचिव हाफ़िज़ मुहम्मद मुंकशिफ आलम और डी.यू.सी. कारी मुहम्मद ज़ैद के नेतृत्व में स्काउट्स का एक प्रतिनिधिमंडल जमीयत उलेमा जिला बिजनौर कार्यालय पहुंचा, वहां जिला महासचिव मौलाना मुफ़्ती शम्सुद्दीन कासमी, सचिव पश्चिम उत्तर प्रदेश मौलाना मुहम्मद तय्यब, कारी मुहम्मद अफ़ज़ल, मौलाना मुनाज़िर हसन, मुहम्मद शहज़ाद (पूर्व चेयरमैन, झालू), मुहम्मद असलम सहित कई सामाजिक व धार्मिक हस्तियां मौजूद थीं।

स्काउट छात्रों ने अतिथियों को स्काउट सलामी दी और स्काउट दिवस के स्टीकर चस्पां कर अपनी प्रतिबद्धता और खुशी व्यक्त की। इसके पश्चात स्काउट प्रतिनिधिमंडल ने डीएम, एसपी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर उन्हें भी स्काउट स्टीकर भेंट किए।

 ( पेज 6 )


# समोसा खिलाने के बहाने शिक्षक ने छात्रा के साथ कार में किया दुष्कर्म

**झालू ( चिंगारी )।** नगर में एक शिक्षक द्वारा एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है।

नगर के मोहल्ला इस्लामाबाद निवासी तनवीर अहमद कोतवाली देहात के प्राथमिक स्कूल में सरकारी शिक्षक है। इसके बाद शाम को वह ट्यूशन भी पढ़ाता है। करीब 12 वर्षीय एक नाबालिग छात्रा शिक्षक तनवीर के पास ट्यूशन पढ़ने जाती थी। रविवार शाम ट्यूशन पढ़ाने के बाद आरोपी शिक्षक ने बाकी बच्चों को घर भेज दिया

## आरोपी फ़रार, दर्ज हुई एफआईआर

तथा छात्रा को समोसा खिलाने के बहाने अपनी गाड़ी में बैठाकर खेतों की ओर ईदगाह के पीछे ले गया और गुरु-शिष्य के पवित्र रिश्तों को तार-तार करते हुए गाड़ी में ही छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। छात्रा किसी तरह उसके चंगुल से बचकर देर शाम अपने घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। परिजन आगबबूला हो गये और उसके घर पहुंचे,जब तक आरोपी शिक्षक तनवीर परिवार सहित फरार हो चुका था। परिजनों ने हल्दौर थाने पहुंचकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और पीड़ित छात्रा का मेडिकल कराया है। आरोपी शादीशुदा है। कुछ माह पहले ही उसकी शादी हुई है।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)
डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लैंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

# दिल्ली में हुये धमाके के बाद, बिजनौर पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान



रेलवे स्टेशन पर चैकिंग करते हुए पुलिस।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिल्ली में हुए कार धमाके की घटना के बाद बिजनौर पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। पुलिस ने हाई अलर्ट जारी करते हुए रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड और शहर के मुख्य चौराहों पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया।

सोमवार की रात एसपी अभिषेक झा व एएसपी सिटी डा. केजी सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर यात्रियों के सामान आदि की गहन जांच की। पुलिस टीम ने स्टेशन परिसर, प्रतीक्षालय और प्लेटफॉर्म के आसपास के इलाकों की भी सघन तलाशी ली।

पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड पर भी यात्रियों के बैग और वाहनों की जांच की। मुख्य बाजार, जिला अस्पताल रोड और कचहरी क्षेत्र में भी वाहनों की तलाशी ली गई। पुलिस ने जिले भर में चैकिंग अभियान चलाया। सभी नगरों, कस्बों में पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अन्य स्थानों पर चैकिंग की। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें।

## दिल्ली ब्लास्ट पर क़ाज़ी ने किया ग़म और गुस्से का इज़हार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने दिल्ली ब्लास्ट पर गम और गुस्से का इजहार करते हुए कहा कि देश के दुश्मन अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। जब भी देश में अमन चैन कायम होता है, इस प्रकार की जघन्य घटनाओं को अंजाम दे दिया जाता है। बेगुनाहों की जान लेने वालों की नस्लें खत्म हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि कोई देखे या देखे, ऊपर वाला इनकी नापाक करतूतों को देख रहा है और उसकी लाठी में आवाज नहीं है। अमन के दुश्मनों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए, जो दुनिया के लिये नजीर बने थे। कोई भी बचा नहीं पायेगा। उन्होंने दु:ख की इस घड़ी में देश के लोगों से धैर्य बनाये रखने की अपील की।


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
*नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी ...**

## देश में बढ़ती स्वास्थ्य सेवाएं

हालांकि देश में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार बढ़ रही हैं, पर जनसंख्या के अनुरूप उसका विकास और उपलब्धता अभी भी एक बड़ी समस्या है। आयुष्मान जैसी योजना इस दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। केन्द्र सरकार ने स्वास्थ्य को खर्च नहीं, बल्कि निवेश की तरह देखा है। इन योजनाओं ने साबित किया है कि 'अच्छा स्वास्थ्य, शासन मजबूत' आर्थिक नीति भी है। इससे बीमारियों का बोझ घटता है, परिवारों की बचत सुरक्षित रहती है और मानव पूंजी को बढ़ावा मिलता है, जो सतत विकास का असली इंजन है। मोदी जी की स्वास्थ्य क्षेत्र में रुचि गुजरात के मुख्यमंत्री के दिनों से ही है। उस दौर में उन्होंने समय पर उपचार और सुलभ सेवाओं पर जोर दिया। 108 आपातकालीन एंबुलेंस सेवा ने गांव और शहर, दोनों जगह लोगों को तुरंत चिकित्सा सहायता पहुंचाई जिससे मृत्यु दर और बीमारी के कारण काम से अनुपस्थिति कम हुई। पोषण कार्यक्रम के जरिए आदिवासी और ग्रामीण बच्चों में पोषण की कमी को दूर करने का भी प्रयास हुआ, जिससे पढ़ाई और सीखने की क्षमता की नींव मजबूत हुई।

इन शुरुआती प्रयासों ने एक बड़ा सिद्धांत स्पष्ट किया कि बीमारी की रोकथाम पर किया गया निवेश उत्पादकता और समृद्धि, दोनों में लाभ देता है। राष्ट्रीय नेतृत्व संभालने के बाद मोदी जी ने इन अनुभवों को पूरे देश में बड़े पैमाने पर लागू किया। 2018 में लॉन्च की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना बन गई है, जो 55 करोड़ से अधिक आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को सुरक्षा देती है। 2018 में शुरू पोषण अभियान गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और छोटे बच्चों में कुपोषण को दूर करने पर केंद्रित है। जनऔषधि केंद्रों ने दवाओं को सस्ता और सुलभ बना कर बड़ी राहत दी है। देश भर में 16,900 से अधिक केंद्र सस्ती जेनेरिक दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इनसे घरों के खर्च में बचत होती है और लोग दवाओं पर खर्च होने वाले पैसे को खाने, बच्चों की पढ़ाई या छोटे व्यवसाय में लगा सकते हैं। स्वच्छ भारत मिशन को अक्सर सफाई अभियान माना जाता है, लेकिन यह उतना ही बड़ा जन-स्वास्थ्य आंदोलन भी है।

# ममता का एनआरसी विरोध

## मुस्लिम वोटरों को एकजुट रखने की कोशिश



**-अजय कुमार**
लखनऊ

> **सवाल यह है कि क्या एसआईआर वास्तव में घुसपैठियों के लिए खतरे की घंटी बन सकता है। सैद्धांतिक रूप से हां, क्योंकि अगर नागरिकता की पुष्टि के लिए आधिकारिक दस्तावेजों की मांग की जाती है, तो वे लोग जो वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाएंगे, वे जांच के घेरे में आ सकते हैं। बंगाल में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो दशकों से यहां रह रहे हैं, लेकिन उनके पास नागरिकता से जुड़े दस्तावेज अधूरे हैं।**

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर केंद्र और राज्य सरकार के टकराव का मैदान बन गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह राज्य में एसआईआर (समग्र नागरिक रजिस्टर) लागू नहीं होने देंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केंद्र की ओर से नागरिकों के अधिकारों और निजता में दखल का प्रयास है। सवाल यह है कि क्या संविधान उन्हें यह अधिकार देता है कि वह केंद्र की किसी योजना को अपने राज्य में लागू होने से रोक सकें, और दूसरा, आखिर ममता बनर्जी को एसआईआर से इतना डर क्यों है। संविधान के अनुच्छेदों के अनुसार, नागरिकता, जनगणना और राष्ट्रीय पहचान से जुड़े विषय केंद्र सूची में आते हैं। यानी इन पर फैसला करने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। किसी राज्य सरकार की इस पर न तो नीति बनाने की शक्ति होती है और न ही इसे रोकने की संवैधानिक अनुमति। इस लिहाज से अगर केंद्र सरकार एसआईआर यानी देश के सभी नागरिकों का एक समग्र रजिस्टर तैयार करने का निर्णय लेती है, तो राज्य सरकार संवैधानिक रूप से इसका विरोध तो कर सकती है, लेकिन उसे लागू करने से रोकने का अधिकार नहीं रखती। हालांकि व्यावहारिक रूप से राज्य सरकारें प्रशासनिक सहयोग देने या न देने के जरिए प्रक्रिया को धीमा या मुश्किल ज़रूर बना सकती हैं। जैसे पहले एनआरसी और एनपीआर के मुद्दे पर कई राज्यों ने डेटा एकत्र करने में केंद्र को सहयोग नहीं दिया था।



ममता बनर्जी की यह राजनीतिक रणनीति केवल संवैधानिक या प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक और चुनावी समीकरणों से भी गहराई से जुड़ी है। बंगाल में सीमावर्ती इलाकों विशेषकर उत्तर और दक्षिण 24 परगना, मालदा, मुर्शिदाबाद और कूचबिहार में बांग्लादेश से आए शरणार्थियों और अवैध प्रवासियों की बड़ी आबादी है। इनकी पहचान और नागरिकता का सवाल दशकों से राजनीतिक मुद्दा रहा है। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस का बड़ा वोट बैंक इन समुदायों से जुड़ा हुआ माना जाता है। ऐसे में अगर एसआईआर लागू होता है और उसमें नागरिकता का प्रमाण देने की प्रक्रिया सख्त रखी जाती है, तो इस आबादी के एक बड़े हिस्से की नागरिकता पर सवाल उठ सकते हैं। यही कारण है कि ममता बनर्जी इसे लोगों को डराने की साजिश बताकर विरोध कर रही हैं। एसआईआर, एनपीआर और एनआरसी तीनों को लेकर देशभर में पहले भी विवाद हो चुका है। केंद्र का तर्क है कि यह महज नागरिक डेटा का एक आधिकारिक रिकॉर्ड है, जिससे सरकारी योजनाओं की पहुंच बेहतर होगी और फर्जी पहचान के मामलों में कमी आएगी। लेकिन आलोचकों का कहना है कि इसका इस्तेमाल खासतौर पर मुस्लिम समुदाय या सीमावर्ती इलाकों के लोगों की नागरिकता पर प्रश्न चिह्न लगाने के लिए किया जा सकता है। पश्चिम बंगाल की स्थिति इस संदर्भ में सबसे संवेदनशील है, क्योंकि यहां की भौगोलिक सीमा बांग्लादेश से लगती है और यहां अवैध घुसपैठ की समस्या लंबे समय से राजनीतिक विमर्श का हिस्सा रही है। ममता बनर्जी के विरोध की एक और वजह यह भी है कि वह केंद्र की किसी भी ऐसी पहल का विरोध करना चाहती हैं, जो भाजपा के एजेंडे से मेल खाती हो। भाजपा ने बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून (एनआरसी) और एनआरसी के मुद्दे को बार-बार उठाया है, ताकि बंगाल के हिंदू शरणार्थियों, खासकर मतुआ समुदाय को अपने साथ जोड़ा जा सके। इसके जवाब में ममता बनर्जी ने खुद को 'लोगों की रक्षक' और 'संविधान की प्रहरी' के रूप में पेश किया है। वह कहती हैं कि किसी को भी अपनी नागरिकता साबित करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जब तक मैं हूं। यह बयान उनके समर्थकों के बीच राजनीतिक भरोसे का प्रतीक बन गया है, लेकिन कानूनी दृष्टि से इसका कोई ठोस आधार नहीं है। एसआईआर यदि लागू होता है तो यह केवल राज्य प्रशासन के सहारे ही संभव है, जैसे जनगणना अधिकारी, स्थानीय स्तर पर डेटा संकलन, सत्यापन आदि। यदि राज्य सरकार इसमें सहयोग नहीं करती, तो इसकी गति धीमी हो सकती है। लेकिन केंद्र चाहे तो अपने अधिकारियों के माध्यम से भी प्रक्रिया आगे बढ़ा सकता है। यही वह बिंदु है, जहां राजनीतिक विरोध संवैधानिक मर्यादाओं से टकराता है। ममता बनर्जी के विरोध के बावजूद, केंद्र सरकार यदि इसे राष्ट्रीय कार्यक्रम घोषित करती है, तो राज्य को पूरी तरह इससे अलग रखना कठिन होगा।

सवाल यह है कि क्या एसआईआर वास्तव में घुसपैठियों के लिए खतरे की घंटी बन सकता है। सैद्धांतिक रूप से हां, क्योंकि अगर नागरिकता की पुष्टि के लिए आधिकारिक दस्तावेजों की मांग की जाती है, तो वे लोग जो वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाएंगे, वे जांच के घेरे में आ सकते हैं। बंगाल में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो दशकों से यहां रह रहे हैं, लेकिन उनके पास नागरिकता से जुड़े दस्तावेज अधूरे हैं। इनमें न केवल बांग्लादेश से आए लोग शामिल हैं, बल्कि गरीबी, अशिक्षा या विस्थापन के कारण पहचान दस्तावेजों से वंचित भारतीय भी हैं। इस स्थिति में एसआईआर लागू होने पर कई निर्दोष लोग भी संदेह के घेरे में आ सकते हैं। इस आशंका को ममता बनर्जी ने राजनीतिक रूप से भुनाने की कोशिश की है। कुल मिलाकर, ममता बनर्जी का यह विरोध केवल एक सरकारी योजना के खिलाफ नहीं, बल्कि एक बड़े राजनीतिक संदेश का हिस्सा है। वह अपने समर्थकों को यह भरोसा दिलाना चाहती हैं कि वह केंद्र की किसी भी भेदभावपूर्ण नीति को बंगाल में लागू नहीं होने देंगी। हालांकि संविधान उन्हें यह अधिकार नहीं देता कि वे केंद्र की नागरिकता से जुड़ी योजना को पूरी तरह रोक दें, लेकिन राजनीति में प्रतीकात्मक विरोध भी प्रभावशाली होता है। बंगाल जैसे राज्य में, जहां पहचान और नागरिकता की राजनीति का इतिहास गहरा है। एसआईआर का विरोध ममता बनर्जी के लिए न केवल एक संवैधानिक टकराव, बल्कि अस्तित्व की राजनीति का सवाल बन गया है।

# आरआर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ताइक्वांडों में कई मेडल जीते



नूरपुर (चिंगारी)। बिजनौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित की गई 17वीं जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आरआर पब्लिक स्कूल नूरपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। मंगलवार को स्कूल पहुंचे विजेता खिलाड़ियों को स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। ताइक्वांडो कोच जीवन सिंह ने बताया कि 9 नवम्बर को बिजनौर के नेहरू स्टेडियम में 17वीं जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नजीबाबाद, धामपुर, कालागढ़, चांदपुर, नूरपुर सहित जिले के 365 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में आरआर पब्लिक स्कूल की छात्रा भव्या सिंह ने 16 किलोग्राम भार में गोल्ड मेडल, 22 किलोग्राम भार वर्ग में मानवी, 32 किलोग्राम भार वर्ग में आरुषि वर्मा, 44 किलोग्राम भार वर्ग में शिखा अग्रवाल, 42 किलोग्राम भार वर्ग में आयुषी कुमारी, 47 किलोग्राम भार वर्ग में अनन्या शर्मा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। बालक वर्ग में 18 किलोग्राम भार वर्ग में स्पर्श सिंह, 23 किलोग्राम भार वर्ग में दक्ष कुमार ने गोल्ड मेडल, 44 किलोग्राम भार वर्ग में प्रभजोत सिंह ने सिल्वर मेडल, 23 किलो ग्राम भार वर्ग में आदि शर्मा, 32 किलोग्राम भार वर्ग में जनक राजपूत, 35 किलोग्राम भार वर्ग में प्रणय कौशिक, पांशुल कंधालिया, हर्षित कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस दौरान स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह, चंचल कटारिया, स्वाति यादव, अजय चौहान, नीरज त्यागी, कपिल कुमार, विरेंद्र सिंह, रितु रानी, संजीव डबास, अशोक त्यागी आदि मौजूद रहे।

# विनय चौधरी ने इंटरनेशनल कांफ्रेंस में भाग लेकर जिले का मान बढ़ाया



बिजनौर (चिंगारी)। वीएसडी पब्लिक स्कूल, बिजनौर के प्रिंसिपल श्री विनय चौधरी ने दुबई, यूएई में हुए सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स 2025 के पहले इंटरनेशनल और 31वें नैशनल कॉन्फ्रेंस में बिजनौर ज़िले से एकमात्र प्रिंसिपल के तौर पर शामिल होकर संस्थान और पूरे ज़िले का मान बढ़ाया है।

यह प्रतिष्ठित भागीदारी उनके दूरदर्शी नेतृत्व, शिक्षा में बेहतरीन काम करने की प्रतिबद्धता और शिक्षा के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के प्रति उनके समर्पण को दिखाती है। श्री विनय चौधरी की यह शानदार उपलब्धि उनके अथक प्रयासों, प्रगतिशील सोच और क्वालिटी एजुकेशन के प्रति समर्पण का प्रतीक है। चिंगारी परिवार श्री विनय चौधरी के उज्वल भविष्य की कामना करता है।

# विजय लक्ष्मी रावत बनीं भवानी सेना की जिला प्रमुख

अफजलगढ़। (चिंगारी)। शिवसेना (यूबीटी) की जिला कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक निरीक्षण भवन कादराबाद में आयोजित की गई। सोमवार को आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से कादराबाद निवासी विजयलक्ष्मी रावत को भवानी सेना का जिला प्रमुख, राधिका राजपूत को तहसील प्रमुख, परशुराम को इस्लामनगर ग्राम पंचायत प्रमुख मनोनीत किया गया। शिवसेना जिला प्रमुख चौ.संजय राणा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर शिवसेना की विचारधारा के अनुकूल समाज सेवा करने का आवाह किया। इस अवसर पर डा.चन्द्रपाल सिंह, मनवीर सिंह यादव, सरदार कुलदीप सिंह, महेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाकियू का धरना समाप्त

चांदपुर (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ताओं द्वारा धनौरा शुगर मिल का बड़ा सेंटर ग्राम बबनपुरा में न लगाएं जाने की मांग को लेकर गन्ना समिति परिसर में शुरू किया गया धरना अधिकारियों के आश्वासन पर गत रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे समाप्त हो गया। सोमवार को गन्ना समिति चांदपुर में भाकियू की मासिक पंचायत ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह की अध्यक्षता एवं राहुल चिकारा के संचालन में हुई थी। बाद में भाकियू कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना शुरू कर दिया था। धरने पर बैठे किसानों ने सामान्य प्रजाति के सभी गन्ने की खरीद किये जाने, सभी समितियों पर डीएपी एनपीए खाद उपलब्ध करायें जाने, गन्ना सेंट्रे पर जो सेंटर इंचार्ज को पर्ची या टॉकिंग मेल द्वारा दिलाई जाए, फसलों की सिंचाई के लिए बिजली शिफ्ट 10 घंटे दिन में दिलाई जाने, बबनपुरा में ब्लॉक जलीलपुर का बड़ा सेंटर धनौरा मिल द्वारा किसानों को आश्वासन देने के बाद भी नहीं लगाये जाने पर रोष जताया गया तथा आश्वासन न मिलने पर गन्ना समिति चांदपुर में धरना शुरू कर दिया गया था। रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे गन्ना समिति के सचिव के मांग पूरी करने के आश्वासन पर धरना समाप्त हो गया।

# धामपुर ने जीता दूसरे दिन का मैच

बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा बिजनौर में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से आयोजित अंडर-19 जिला स्तरीय प्रयोगिता में सोमवार का मैच धामपुर व चांदपुर के बीच खेला गया। चांदपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और धामपुर की टीम को 29.4 ओवरों में 147 रनों पर ही रोक दिया, जिसमें रितेश ने 55 रन, शुभ सार्थक ने 30 रन बनाए। चांदपुर की ओर से हरजस ने 3, मोहम्मद श्यान ने 3, वैभव ने 2 विकेट लिए।



जवाब में चांदपुर की टीम 134 रन ही बना सकी, जिसमें मनदीप ने 57, आरुष ने 24 रन बनाए। धामपुर की ओर से अनिकेत ने 4, देव शिमर ने 2, देव चौधरी ने 2 विकेट लिए। धामपुर की टीम ने 13 रनों से जीत हासिल की। अंपायर अमित कुमार और आर्यमन चौधरी व स्कोरर अभिषेक रहे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा राजकुमार, नागेन्द्र सारस्वत, संजीव चौधरी, मानव सचदेवा, दीपक भटनागर, कपिल शर्मा, वीरेन्द्र कुमार, हिमांशु, दिलशाद, तुषार मालिक, परोपकार, नासिर आदि उपस्थित रहे।

# बी.ए.एम.एस. डिग्री धारकों के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं-डा. वार्ष्णेय

बिजनौर (चिंगारी)। विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एण्ड हॉस्पिटल, बिजनौर में चल रहे आयुर प्रवेशिका समारोह के 9वें दिन का शुभारंभ आयुष विभाग दिल्ली से आये डा. अतुल वार्ष्णेय एवं आयुष विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड से डा. नंदकिशोर व प्राचार्य डा. देवाशीष पाणिग्राही ने भगवान धन्वंतरी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.अतुल वार्ष्णेय ने छात्रों को अवगत कराया कि भारत में आयुर्वेद का दायरा, कानूनी मान्यता और राष्ट्रीय स्थिति काफी मजबूती के साथ-साथ इसका विस्तार भी हो रहा है। छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि बीएएमएस डिग्री धारकों के लिए क्लीनिक अभ्यास, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं, अनुसंधान, शिक्षण, स्वास्थ्य पर्यटन और दवा निर्माण जैसे क्षेत्रों में व्यापक अवसर है।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि डा. नंदकिशोर दधीच ने बताया कि आयुर्वेद प्रत्येक व्यक्ति को अद्वितीय मानता है। आधुनिक चिकित्सा जहां अक्सर बीमारी पर ध्यान केंद्रित करती है, वहीं आयुर्वेद व्यक्ति की अनूठी शारीरिक और मानसिक संरचना के आधार पर उपचार तैयार करता है। डा. दधीच ने संक्षेप में बताते हुये कहा कि प्रकृति आयुर्वेद का वह स्तंभ है, जो स्वास्थ्य देखभाल के लिये एक समग्र और व्यक्तिगत दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिससे न केवल बीमारियों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन होता है, बल्कि उन्हें रोका भी जा सकता है। मंच का संचालन डा. संतोष गुप्ता एवं डॉ. आधार भटनागर ने संयुक्त रूप से किया।

# मिल में गन्ना भरे वाहनों पर, लाल कपड़े के साथ लगाये रिफ्लेक्टर

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल गेट पर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, वरिष्ठ महाप्रबंधक प्रशासन विजय गुप्ता, जयेष्ट गन्ना विकास निरीक्षक अमित पांडे, गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह, भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, अजय चौहान, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, दीपेंद्र, भानु प्रताप सिंह, प्रेम चौहान आदि ने गन्ने से भरे वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा लगाया। उन्होंने बताया कि जनहित में यातायात सप्ताह के अंतर्गत किसानों के वाहनों पर दुर्घटना से बचाव हेतु रिफ्लेक्टर लगाये गये हैं, जिससे जनहानि से बचा जा सके तथा सभी लोगों का जीवन सुरक्षित हो । इस अवसर पर वाहन चालकों को मिल के प्रबंधन तंत्र व किसान नेताओं की तरफ से यह संदेश दिया गया कि खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति यातायात के नियमों का पालन करें।



ट्रैक्टर पर रिफ्लेक्टर लगाते हुए मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता।

## दिल्ली धमाके के बाद कोटद्वार पुलिस हुई सक्रिय

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दिल्ली में हुए धमाके के बाद एसएसपी सर्वेश पंवार के निर्देश पर कोटद्वार पुलिस भी सक्रिय हुई। चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वाहनों की चेकिंग की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि दिल्ली में लाल किले के समीप एक कार में हुए जोरदार धमाके में कई लोगों की मौत के बाद सुरक्षा की दृष्टि से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद की सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है और चेक पोस्ट से होकर गुजरने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।



वाहनों की चेकिंग करती हुई पुलिस।

## कानून से खिलवाड़ करने वाले नहीं बख्शे जायेंगे - राठी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** सोमवार की शाम थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी ने पत्रकारों के साथ बैठक की और उनके माध्यम से क्षेत्रवासियों से कानून व्यवस्था में सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फरियादियों की सम्मानजनक सुनवाई उनकी प्राथमिकता है। विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि कानून का सम्मान करने वाले हर खास–ओ–आम व्यक्ति का सम्मान किया जाएगा जबकि कानून से खिलवाड़ करने वाले किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र में जुआ, सट्टा, अवैध शराब, नशीली प्रतिबंधित दवाएं आदि समाज व लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले ऐसे किसी भी अवैध धंधे को कतई नहीं पनपने देने का यकीन दिलाया और इस प्रकार के अवैध धंधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन की बात कही।



# भागवत कथा का हुआ समापन यज्ञ एवं भण्डारे का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के निकट चल रहे 11 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का सामूहिक हवन यज्ञ एवं भंडारे के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर महिला संत गुरु माता राजबाला देवी ने कहा कि कलयुग में धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यक्रमों में दिये जाने वाला योगदान ही मानव जीवन के उद्देश्यों को सार्थक बना सकता है। सामूहिक हवन यज्ञ के मुख्य यजमान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परिवार प्रबोधन कार्यक्रम के जिला सह प्रमुख मनोज कुमार अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सोनिका अग्रवाल सहित प्रमोद कुमार अग्रवाल एवं माधव अग्रवाल रहे, जिन्होंने हवन कुंड में आहुतियां देते हुए सभी सनातनी परिवारों में शांति खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाये रखने की परमेश्वर से कामना की। सामूहिक भजन उच्चारण कार्यक्रम में ग्राम भूरापुर निवासी रामस्वरूप सिंह तथा ग्राम कोड़ीपुरा निवासी हर स्वरूप सिंह की वादन कला के अंतर्गत अनेक महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।



हवन यज्ञ में शामिल श्रद्धालु।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स आर.के. मोटर्स एंड जनरल फाईनेन्स रामकली भवन, तहसील रोड, नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र. में दिनांक 04.02.2009 में दो पार्टनर्स 1. श्रीमती चांद गुप्ता पत्नी श्री नरेश चन्द गुप्ता, निवासी कोटद्वार रोड, नजीबाबाद, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र.। 2.श्री सचिन गुप्ता पुत्र श्री नरेश चन्द गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड, नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र. थे।

अब दिनांक 06.10.2025 से श्रीमती शैफाली गुप्ता पत्नी श्री सचिन गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड, नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र. उक्त मैसर्स आर.के. मोटर एण्ड जनरल फाइनेंस, रामकली भवन तहसील रोड नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र. में पार्टनर सम्मिलित हुई हैं एवं पार्टनर श्रीमती चांद गुप्ता पत्नी श्री नरेश चन्द गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड, नजीबाबाद, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र., फर्म उपरोक्त से स्वेच्छा से निवृत्त (रिटायर) हो गयी है।

अब इस फर्म में श्री सचिन गुप्ता पुत्र श्री नरेश चन्द गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड, नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र. (पार्टनर नं. 1) व श्रीमती शैफाली गुप्ता पत्नी श्री सचिन गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड, नजीबाबाद, बिजनौर उ.प्र. (पार्टनर नं. 2) रह गये हैं। उक्त सूचना आम जानकारी एवं रिकार्ड वास्ते दे रहे हैं।

**सचिन गुप्ता पुत्र श्री नरेश चन्द गुप्ता निवासी कोटद्वार रोड, नजीबाबाद, जिला बिजनौर ( उ.प्र. )**
**( भागीदार )**
**मैसर्स आर.के. मोटर एण्ड जनरल फाइनेन्स तहसील रोड नजीबाबाद।**



ज़ैद व रय्यान को सम्मानित करती शिक्षिकाएं।

## स्कूल का नाम रोशन करने पर ज़ैद व रय्यान सम्मानित

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** आज प्रातः लाम्बा कान्वेंट स्कूल परिवार ने अपने दो छात्रों को स्कूल का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया। गत रविवार को बिजनौर स्थित नेहरू स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में इस विद्यालय के छात्र अफजलगढ़ निवासी मौ. रय्यान ने सिल्वर मेडल एवं कासमपुर गढ़ी निवासी एस एम ज़ैद ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय परिवार ने आज प्रार्थना स्थल पर इन दोनों खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने सभी बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने के साथ-साथ खेलों में भी भागीदारी करने का आह्वान किया।

# नाली का रूख मोड़ने की शिकायत की दबंग व्यक्ति ने मारपीट की धमकी दी

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद, धामपुर के वार्ड नंबर 6 मोहल्ला नई सराय में निवास करने वाले एक दबंग व्यक्ति द्वारा नगर पालिका की सड़क की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर जब नाली का रुख मोड़ दिया गया तो इसकी शिकायत वार्डवासियों ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह और अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला से की तो आरोप है कि दबंग व्यक्ति ने मोहल्ले वालों को गाली गलौज और मारपीट की धमकी देनी शुरू कर दी। इस संबंध में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह का कहना है कि सड़क नागरिकों की सहूलियत के लिए होती है जिससे वह इस पर आराम से चल सकें । उन्होंने कहा कि नगर पालिका की सड़क पर किसी को भी अवैध अतिक्रमण नहीं करने दिया जायेगा। इस संबंध में शीघ्र कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। दूसरी ओर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने बताया कि सड़क बनाने वाले संबंधित ठेकेदार को नगर पालिका ने नोटिस जारी कर दिया है।उनका कहना है की वार्ड वासियों की शिकायत को शीघ्र निस्तारित किया जाएगा।

## ईओ ने संबंधित ठेकेदार को किया नोटिस जारी

मोहल्ला नई सराय निवासी मोहम्मद शमीम कस्सार, मोहम्मद अनवर कस्सार, शाहिद कस्सार, नफीस कस्सार, नासिर अंसारी, आरिफ, हाजी रशीद, हाजी शमसुद्दीन, फरीद अंसारी, इमरान अंसारी, फिरोज अंसारी, नजाकत कस्सार, अतहर सिद्दीकी, मजहर सिद्दीकी, अजहर अंसारी, बादशाह ,सलीम सलमानी आदि ने बताया कि दबंग व्यक्ति और उसके परिजन मोहल्ले वालों को धमकियां देकर गाली गलौज कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# स्वदेशी संकल्प दिवस के रूप में मनायी दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती




**बिजनौर (चिंगारी)।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बिजनौर परिसर में स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की जन्म जयंती पर आयोजित स्वदेशी संकल्प दिवस (स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि अशोक कटारिया (सदस्य विधान परिषद एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश), प्रशांत महर्षि (प्रांत सहसंयोजक स्वदेशी जागरण मंच), अजय वत्स (जिला संयोजक), सतीश त्यागी (सहजिला संयोजक), कौशल ईश्वर शर्मा (जिला संपर्क प्रमुख), सुधीर अग्रवाल (जिला उपाध्यक्ष), सलिल शर्मा (पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटैक्निक), आरवीआईटी के प्रबंध निदेश सनी देशवाल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक कटारिया ने अपने सम्बोधन में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। अशोक कटारिया ने श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी की जीवनशैली पर चर्चा करते हुये बताया कि श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी ने स्वदेशी जागरण मंच, श्रमिक संघ, किसान संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आदि जैस कई बड़े संघ की स्थापना की। श्री कटारिया ने कहा कि हम सबको अपने जीवन में श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी के विचारों पर चलना चाहिए, जिससे अपने भारत को समृद्ध, सुरक्षित, स्वावलम्बी, स्वाभिमानी व प्रेरक राष्ट्र बना सकें। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक शिक्षा का ज्ञान होना भी जरूरी है।

संस्थान के फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. हितेश कुमार ने स्वदेशी वस्तुओं के साथ-साथ अपने देश की सांस्कृतिक, सभ्यता एवं पारंपरिक गतिविधियों आदि पर भी चर्चा की। संस्थान के एमडी सनी देशवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत महर्षि ने किया।

## गोल्डन लॉयनेस क्लबों का अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न



**बिजनौर (चिंगारी)।** गोल्डन लायनेस नवचेतना क्लब व अन्य क्लब के साथ मिलकर डीसीपी अनुभा सिंघल की ऑफिसियल विजिट, अधिष्ठापन व दीक्षा समारोह को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। एक विवाह मंडप में बिजनौर के चारों क्लबों ने 'गंगा जमुना सरस्वती एवं भागीरथी का संगम' थीम पर एक साथ मिलकर डीसीपी जी.एल. अनुभा सिंघल को आमंत्रित कर अधिष्ठापन व दीक्षा समारोह का आयोजन कराया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि चेयरपर्सन अनुभा, चीफ एडवाइजर निशी जैन, कैबिनेट की एडवाइजर जिल अरुणा मित्तल, एलीट एडवाइजर जिल खुशबू कर्णवाल व जिला सेक्रेटरी मनुश्री, कोषाध्यक्ष ममता का ढोल नगाड़ों व पुष्प वर्षा के साथ तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इंस्टॉलेशन ऑफिसर अरुणा मित्तल ने नई अध्यक्ष सुमन रावत, सचिव रेनू चौधरी, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल का अधिष्ठापन किया। दीक्षा समारोह खुशबू कर्णवाल ने क्लब में जुड़े नये सदस्यों नेहा शर्मा, नीलम शर्मा, अर्चना चौधरी, पारुल, योगिता बब्बर का स्वागत किया। उन्हें उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया व उपहार देकर सम्मानित किया। पूर्व अध्यक्षा कविता शर्मा ने ससम्मान अपना पदभार नई अध्यक्ष सुमन रावत को प्रदान किया। कार्यक्रम की संचालक ज्योति अग्रवाल, कन्वीनर अर्चना चौधरी रहीं। कार्यक्रम में जिला टेमर कविता शर्मा, कमेटी चेयरपर्सन शैली चौधरी व नीतू चौधरी को भी सम्मानित किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में शैली चौधरी व अन्य लायनेस ने वातावरण को रोमांचित बना दिया। गोल्डन लायनेस नवचेतना क्लब द्वारा गरीबों को गर्म कपड़े वितरित किए गए।

## नहटौर के सूर्यप्रताप सिंह ने तलवारबाजी में जीता सिल्वर मेडल

### गांव पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत



**नहटौर (चिंगारी)।** मणिपुर में आयोजित तलवारबाजी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 14 वर्ग में फलोदी नहटौर निवासी सूर्य प्रताप सिंह ढोढवाल ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। घर पहुंचने पर ग्रामीणों ने सूर्यप्रताप का ढोल बजाकर स्वागत किया। मणिपुर के इंफाल में 3 नवंबर से लेकर 8 नवंबर तक तलवारबाजी की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें नहटौर के ग्राम फलोदी निवासी नवनीत ढोढवाल के पुत्र सूर्य प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश की ओर से अंडर 14 में प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर पदक जीता। गांव में पहुंचने पर सूर्य प्रताप का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला। सूर्यप्रताप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों एवं कोच संदीप सिहाल को दिया है। सूर्य प्रताप सातवीं का छात्र है। स्वागत करने वालों में विपिन ढोढवाल, अनुज ढोढवाल, कल्याण सिंह इंचार्ज साहब, नरेश प्रधान, महेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह, लोकेन्द्र सिंह, सुभाष कुमार, योगेंद्र सिंह सोनू, सौरभ तोमर आदि उपस्थित रहे।

## इस 'ब्लैक स्पॉट' पर आयेदिन हो रही हैं सड़क दुर्घटनाएं

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पिछले कुछ वर्षों में पूरे बिजनौर जनपद में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। नांगल क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। यहां भी सड़क दुर्घटनायें पहले से बढ़ी हैं। नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम महमसापुर के सामने से तिसोतरा तिराहे तक का स्थान वाहन चालकों के लिये 'ब्लैक स्पॉट' साबित हुआ है। इस स्थान पर लगातार दुर्घटनायें हो रही हैं तथा पिछले कुछ वर्षों में कई व्यक्तियों ने जान गंवाई है। नांगल-चंदक मार्ग पर संभवत: सर्वाधिक सड़क दुर्घटनायें इसी स्थान पर होती हैं। परसों देर शाम साढ़े सात बजे इसी ब्लैक स्पॉट पर चंदक निवासी अनिल कुमार उर्फ कालू (38 वर्ष) पुत्र प्रवीण शर्मा बाइक से घर जाते हुए गन्ने की बुग्गी से टकराकर घायल हो गया था और देर रात्रि एम्स ऋषिकेश में पहुंचकर एडमिट होने से पूर्व ही उसकी मृत्यु हो गई थी। प्रशासन ने इस ब्लैक स्पॉट पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये कोई कारगर कदम नहीं उठाये हैं। न ही यहां स्पीड ब्रेकर लगवाये गये हैं, न ही वाहनों की रफ्तार को कंट्रोल करने के उपाय किये गये हैं और न ही यहां अस्थायी या स्थायी पुलिस पिकेट स्थापित की गई है। इस ब्लैक स्पॉट के अलावा इस मार्ग पर ग्राम मायापुरी स्थित हनुमान मंदिर के आसपास का स्थान, बरकातपुर चौराहे के आसपास का स्थान भी ब्लॉक स्पॉट बने हुए हैं।

## कार्यकर्ता रालोद को और मजबूत बनायें पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जायें

### जिलाध्यक्ष नरेन्द्र आचार्य का आह्वान

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल की बैठक में रालोद के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य ने कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। 16 नवंबर को मथुरा में प्रस्तावित रालोद के सम्मेलन की रूपरेखा भी तैयार की गई।

रालोद के जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी की नीतियों का प्रचार करने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 16 नवंबर को मथुरा में प्रस्तावित सम्मेलन में रालोद के सक्रिय कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद मुंशीराम पाल ने पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने एकजुट होकर कार्य करना और नीतियों का प्रचार-प्रसार करने को कहा। पूर्व विधायक चौधरी सुखबीर सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की नीतियों का प्रचार-प्रसार करना जरूरी है। पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिंह ढाका ने कहा कि रालोद के मुखिया जयंत चौधरी युवाओं और किसानों के हितों के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

बैठक में प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह, वरिष्ठ नेता सरदार बलवीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिंह ढाका, चौधरी हरवीर सिंह, ओम सिंह, राजेंद्र सिंह, श्रीमती पूनम चौधरी, मास्टर इंद्रमणि सिंह, फैसल वसी, वकील अहमद, युवा रालोद महासचिव शिवम राणा, हनी तोमर, जयपाल सिंह, सुरेंद्र निंदना, हरपाल सिंह, बृजपाल सिंह, वीरपाल मलिक, सिद्धार्थ चौहान, इरफानुद्दीन, महेंद्र सिंह, मास्टर सत्येंद्र सिंह, अलबेल सिंह, रणधीर सिंह, राजेंद्र सिंह, पूनम चौधरी, इरफानुद्दीन, महेंद्र सिंह, मास्टर सत्येंद्र, छत्रपाल सिंह, पुष्पेंद्र, अवनीश राठी, हरपाल सिंह, बृजपाल सिंह, हनी तोमर, राम सिंह, शैलेंद्र ढाका, वसीम आदि ने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य तथा संचालन मुफ़ीज आलम उर्फ गुड्डू ने किया।

# सरकारी रेट से अधिक कीमत पर बेचा जा रहा गेहूं का बीज

## किसान नेता दिगम्बर सिंह ने सबूतों के साथ डीएम से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

**बिजनौर (चिंगारी)।** भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा गेहूं के बीज पर किसानों को 50 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से 50 प्रतिशत के अनुदान पर गेहूं की तमाम किस्म के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बिजनौर जनपद में आधारीय 296 वैरायटी का बीज तथा प्रमाणित अथवा सर्टिफाइड गेहूं के बीज की 303 और 187 वैरायटी का 50 प्रतिशत की सब्सिडी पर कृषि विभाग के गोदाम से किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। आधारीय बीज की कीमत 4872 रुपए प्रति क्विंटल है। 50 प्रतिशत की सब्सिडी के बाद इसकी कीमत 2436 रुपए प्रति कुंतल बैठी है। कृषि विभाग के द्वारा आधार पौधशाला के बीज संख्या 296 को सरकारी गोदाम पर बेचा जा रहा है, जिसके पैकिंग का वजन 40 किलोग्राम प्रति कट्टा है, जिसका सरकार के द्वारा घोषित वजन 974.40 पैसे है, किंतु सरकारी गोदाम पर आधारीय बीज को 1150 रुपए का बेचे जाने की शिकायत लगातार प्राप्त हो रही थी। इसी तरह प्रमाणित बीज की वैरायटी 303 और 187 इनका भी पैकिंग 40 किलोग्राम का ही है। सरकार के द्वारा सब्सिडी देने के बाद इसकी कीमत 936 रुपए सरकार के द्वारा निर्धारित की गई है। इस बीज को सरकारी गोदाम पर 1050 रुपए का बेचे जाने की जनपद के सभी गोदाम से शिकायत मिल रही थी। दिगम्बर सिंह ने बताया कि किसानों के द्वारा लगातार मिल रही शिकायत के बाद सोमवार को मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक के राजकीय बीज गोदाम पर देखा गया तो तमाम किसानों से बातचीत की गई। दिगम्बर सिंह ने बताया कि किसानों से बातचीत में सामने आया है कि 1050 और 1150 रुपए का ही गेहूं के बीज का एक कट्टा दिया जा रहा है। आधारीय और प्रमाणित बीज पर किसानों से अधिक पैसे लिए जा रहे हैं। दिगम्बर सिंह ने बताया कि बीज गोदाम पर बिक्री रजिस्टर में जिन किसानों को बीज बेचा गया है। बीज रजिस्टर से टेलीफोन लेकर उन नंबरों पर जब टेलीफोन किए गए तो किसानों ने इस बात की पुष्टि की कि गेहूं का बीज उनको भी 1050 रुपए का प्रमाणित बीज दिया गया है। दिगम्बर सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत डीएम से की गई है। उन्होंने बताया कि डीएम ने तुरंत निर्णय लेते हुए जनपद भर के गोदाम पर जांच कराई और रिकॉर्ड को अपने कब्जे में लेकर आगामी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के बड़े अधिकारियों को इस लूट का पैसा जाता है।




डीएम से मिलने वालों में दिगम्बर सिंह, जिला महासचिव नितेंद्र प्रधान, अतुल कुमार देवानंद आदि मौजूद थे।



## शाकिब ने कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक

**नूरपुर (चिंगारी)।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली में आयोजित खेल प्रतियोगिता में इन्टर कोलिगेट कुश्ती पुरूष वर्ग में शनिवार को लाल बहादुर सिंह स्मारक महाविद्यालय गोहावर के बीएससी द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) के छात्र जनपद अमरोहा के नौगावां क्षेत्र के गांव चन्द्र कुटी की मण्डयौ निवासी मोहम्मद शाकिब ने 67 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र व महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉलेज के अध्यक्ष कुवंर रविन्द्र कुमार, सचिव डॉ.दीपा, प्रबन्ध निदेशक इंजीनियर आलोक कुमार, निदेशक डॉ. हरीश कुमार, प्राचार्य डॉ. महेश कुमार ने छात्र को सम्मानित कर उसके उज्ज्वल भविष्य कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## समस्याओं का समाधान चाहते हैं क्षेत्र के किसान



**नूरपुर (चिंगारी)।** सोमवार को सहकारी गन्ना समिति के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता नरेश यादव व संचालन मोनू चौधरी ने किया। पंचायत में वक्ताओं ने किसानों की मुख्य समस्याओं बंद पड़े खाद के गोदामों को चालू करने, बान नदी के नवनिर्मित पुल को यातायात के लिए चालू करने, विद्युत विभाग द्वारा किसानों का उत्पीड़न नहीं करने, आवारा पशुओं व गुलदार से मुक्ति दिलाने तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा किसानों का उत्पीड़न नहीं करने की मांग की गई। क्षेत्र के गांव झीरन में स्कूल की विद्युत लाइन चालू करने के लिए अवर अभियंता को मांग-पत्र दिया गया। पंचायत में अमरपाल चौधरी ने संगठन का विस्तार करते हुए विशेष चौहान व मोहित कुमार नगंली पथवारी ग्राम अध्यक्ष मनोनीत किया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल चौधरी, जिला सचिव मास्टर देवेन्द्र सिंह, जिला संगठन मंत्री अशोक धनकड़, जिला संरक्षक भोपाल सिंह, भूरे सिंह, नरेश सिंह, भूरे खां, सुमित चौधरी, सोहित चौधरी, नरेंद्र सिंह, यादराम सिंह, बुध सिंह, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद अली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किरतपुर में हुई कबूतर उड़ान प्रतियोगिता
## नाजिम के कबूतरों ने प्रथम पुरस्कार जीता

**किरतपुर (चिंगारी)।** अंसार कबूतर फ्लाइंग क्लब, किरतपुर की ओर से मोहल्ला अंसारियान में एक भव्य कबूतर उड़ान टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सेठ इरशाद अंसारी ने की और संचालन इरफान अंसारी उर्फ़ सदर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन अब्दुल मन्नान का गर्मजोशी से स्वागत क्लब के सदस्य राकिब अंसारी ने शॉल ओढ़ाकर किया। चेयरमैन ने टूर्नामेंट के विजेताओं को पुरस्कार और ट्रॉफियां प्रदान कर उत्साहित किया। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त मोहम्मद नाजिम को 12,000 रुपये नगद व आकर्षक ट्रॉफी, द्वितीय स्थान पर रहे मोहम्मद नफीस को 7,500 रुपये नगद व ट्रॉफी, तृतीय स्थान प्राप्त मनव्वर अंसारी को 5,500 रुपये नगद व ट्रॉफी तथा चौथे स्थान पर आए प्रीति भागी को 1,100 रुपये नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी और किसान नेता आदिल जैदी, सेठ मोहम्मद इरशाद अंसारी, मोहम्मद जमालू एवं मोहम्मद अयूब को भी चेयरमैन अब्दुल मन्नान द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी एवं क्लब सदस्य उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के आयोजन न सिर्फ खेल भावना को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं।





# पक्षी प्रेमी हैरान, इस बार क्यूं नहीं आये विदेशी मेहमान?

## साइबेरियन पक्षियों से सूना है पीली डैम

नितिन दिनेश कौशिक




पीली डैम में मौजूद साइबेरियन पक्षी।




बिना साइबेरियन पक्षी के खाली पड़ा पीली डैम का जलाशय।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** प्रकृति की खूबसूरत वादियों में बसा पीली डैम, जो हर सर्दी में हजारों प्रवासी पक्षियों, विशेषकर साइबेरियन प्रजातियों को समायोजित करने के लिए जाना जाता है। इस बार सूना पड़ा हुआ है। शीतकाल के पहले सप्ताह में ही जलाशय में प्रवासी पक्षियों की आवाजाही शुरू हो जानी चाहिए थी, परन्तु अभी तक साइबेरियन पक्षियों की अनुपस्थिति ने पक्षी-प्रेमियों और फोटोग्राफरों में चिंता पैदा कर दी है।

जंगली जीवन के फोटोग्राफर एआर रहमान ने बताया कि साइबेरियन पक्षियों का अभी तक यहां न पहुंचना चिंता का विषय है। ये पक्षी हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर ठंड से बचने और खाद्य की तलाश में यहां आते हैं। सामान्यत: साइबेरियन सारस, ग्रेटर फ्लेमिंगो, रफ, तिदार, गुलाबी पेलिकन और गैडवाल जैसी प्रजातियां इस क्षेत्र में देखी जाती हैं। श्री रहमान ने आगे बताया कि ये परिंदे दिन में जलाशय में पानी पर नज़र आते हैं और रात में आसपास के पेड़ों पर रात्रि विश्राम करते हैं। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक इन्हें पानी में देखा जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ये प्रवासी पक्षी मुख्यत: जलीय पौधों और जलीय जीवों पर निर्भर करते हैं। सर्दियों में उनके ठंडी मातृभूमि में भोजन की कमी और बर्फबारी के कारण वे दक्षिण एशिया के मेलों में आते हैं। रहमान ने उल्लेख किया कि उड़ान भरते समय इन पक्षियों का संयोजन अंग्रेज़ी अक्षर वी जैसा दिखता है जो देखने में बेहद आकर्षक होता है।

श्री रहमान ने बताया कि इन प्रवासी पक्षियों की संख्या हर साल घटती जा रही है। उन्होंने संभावित कारणों के रूप में मार्ग में शिकार, आवास परिवर्तन और इन क्षेत्रों में खाद्य व विश्राम स्थल की कमी को बताया। रास्ते में इन पक्षियों का शिकार होना, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में इनके शिकार की घटनाएं तथा स्थानीय तौर पर मनुष्य-जनित दबाव इनके प्रवास पैटर्न को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, संभव है कि कुछ प्रजातियों ने अपने लिए कोई नया आश्रय भी ढूंढ लिया हो।

### प्रतिदिन 40 किमी. दूरी तय करते हैं

प्रवासी साइबेरियन पक्षी उड़ान भरते हुए प्रतिदिन औसतन 40 किमी. तक की दूरी तय करते हैं और लंबी दूरी तय करने के लिए पहले दो-तीन महीने तक अच्छा भोजन कर ऊर्जा संचित करते हैं। ये पक्षी उड़ने के साथ ही पानी में तैरने में भी सक्षम होते हैं। इसलिए इन्हें देखने के दौरान अत्यधिक शोर या अचानक गतिविधियों से बचना आवश्यक है। क्योंकि थोड़ी सी आहट पर ये उड़कर चला जाते हैं। पीली डैम की वीरानी बताती है कि पारिस्थितिक तंत्र और प्रवासी जीवों की सुरक्षा में हमारी भागीदारी कितनी जरूरी है। समय रहते संरक्षणात्मक कदम उठाए गए तो न सिर्फ पक्षियों का पुनरागमन सुनिश्चित किया जा सकता है। बल्कि यह क्षेत्र स्थायी पारिस्थितिक पर्यटन के रूप में विकसित होकर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नये साधन भी पैदा कर सकता है।

# अदालत के फैसले से पहले ही किसी ने दे दी सजा ए मौत!

अश्मनी विश्नोई



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल

**स्योहारा (चिंगारी)।** अक्टूबर 2024 में सलमान पुत्र नफीस निवासी बुढेरन पर एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए लड़की के परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें वह जेल भी रहकर आया था। उसी मामले में सोमवार को अंतिम बहस होनी थी और उसके बाद किसी भी दिन फैसला आना था। लेकिन उससे पहले ही सलमान शनिवार की रात को गायब होता है और रविवार को बाग में शव मिलता है। जिसके बाद यही चर्चा शुरू होती है कि अदालत के फैसले से पहले ही सलमान को किसी ने सजा ए मौत दे दी।

पांच माह पूर्व सलमान ने शादी कर ली और अदालत के फैसले का इंतजार कर रहा था। सोमवार को अंतिम बहस होनी थी, जिसमें सलमान पर लगे आरोपों पर फैसला होना था, लेकिन उससे पहले ही सलमान को किसी और ने ही मौत की सजा दे दी। सूत्रों की मानें तो तारीख से एक-दो दिन पहले ही सलमान का अपनी पत्नी को उसके पिता के घर छोड़ना इस बात का इशारा करता है कि उसकी पत्नी इस मुकदमे से अंजान थी और वह उसे बताना भी नहीं चाहता था। सलमान के वकील से जब बात हुई तो उन्होंने बताया कि सलमान पहले तो अपने पिता के साथ तारीख पर आता था, लेकिन शादी के बाद से वह अकेला ही तारीख पर आया था, जिससे यह तो लगभग तय है कि उसकी पत्नी मुकदमे के बारे में नहीं जानती थी। सलमान जब शनिवार को घर से गायब हुआ तो उसको ढूढने परिजन गये और मस्जिदों में भी ऐलान हुआ। पुलिस को भी सुचना दी गयी, लेकिन सूत्रों के हवाले ज्ञात हुआ है कि सलमान पहले भी घर से गायब हुआ था और एक-दो दिन में वापस आ गया था। लेकिन तब किसी ने ऐसे नहीं ढूंढा था, न ही मस्जिदों में ऐलान हुआ था, जिससे ये हो सकता है कि परिवार को भी सलमान पर आए संकट की भनक लग गयी हो और वह सलमान को ढूंढने के प्रयास इसलिए कर रहे हों कि जिससे वह सुरक्षित रह सके। या ये भी हो सकता है कि कलयुग ने अपनी छाप छोड़ी हो और घटना को अंजाम किसी अपने ने दे दिया हो। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ये तो लगभग साफ है कि हत्या किसी एक ने नहीं की बल्कि अन्य लोग भी सामिल हैं। ये सब तो पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगा, लेकिन यह तय है कि सलमान की हत्या में उस पर चल रहे मुकदमे से सम्बंधित कुछ तो है। पुलिस से जानकारी की तो पुलिस ने कहा कि जांच चल रही है, जल्द खुलासा होगा। सलमान के वकील का कहना है कि सोमवार को अंतिम बहस थी, लेकिन सलमान की मौत की जानकारी मिलने पर सलमान की मृत्यु आख्या अदालत में तलब की है।

### पोस्टमार्टम में हुआ खुलासा, नहीं लगी गोली

सलमान की मृत्यु को गोली लगने से माना जा रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में साफ हो गया कि उसकी मौत गोली से नहीं दम घुटने से हुई है।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग, ज्ञापन दिया

**बिजनौर (चिंगारी)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार चतुर्थ श्रेणी संघ सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आवाहन पर जनपद शाखा बिजनौर द्वारा राकेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को दिया। महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व संचालित नियमों को संशोधित करते हुए नया शासनादेश जारी किया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के मृतक आश्रित को नौकरी उनकी योग्यता के अनुसार न देकर केवल चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में ही की जाएगी। इससे प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में रोष उत्पन्न हो गया है, इसके समाधान के लिए पूर्व की भांति मृतक आश्रित को उनकी योग्यता के अनुसार नियुक्ति प्रदान करने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती पर लगी रोक हटाते हुए रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति किए जाने, पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण प्रक्रिया प्रणाली समाप्त करने हेतु मांग की गई है। इस अवसर पर देशराज सिंह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ सिंचाई विभाग के अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा, जिला मंत्री ब्रह्मपाल सिंह, महिपाल सिंह, अतुल कुमार शर्मा, शरीफ अहमद, शूरवीर सिंह, अंकित कुमार, जयप्रकाश पॉल एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला मंत्री अजय कुमार की उपस्थिति रही।



DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# अवनी सिंह ने की जनसुनवाई महिलाओं की गोद भराई भी करायी



अवनी सिंह का स्वागत करते हुए अधिकारी।

**नूरपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने विकास खंड नूरपुर के सभागार कक्ष में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी सौरभ कुमार ने बताया महिला जनसुनवाई में लगभग 85 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है व 5 महिलाओं की गोदभराई की गई। 16 महिलाओं ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जनसुनवाई के दौरान शिकायतों से संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल दुबे, डीएमसी रविता राठी, वन स्टॉप सेंटर पैरामेडिकल स्टाफ नाज परवीन, शुभम चौधरी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक महिलाओं एवं बच्चों को लाभ दिलाए जाने की अपेक्षा की है। श्रीमती अवनी सिंह द्वारा ग्राम राहुनगली विकास खंड नूरपुर में महिला चौपाल का आयोजन भी किया गया, जिसमें लगभग 105 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। उन्होंने नूरपुर व थाना शिवाला कला का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में सीडीपीओ नूरपुर, विकास खंड अधिकारी नूरपुर, महिला थाना बिजनौर, महिला थाना चांदपुर व अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# विधायक सुशांत सिंह ने किया बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण

**रायपुर सादात (चिंगारी)।** सोमवार को गांव हसनअलीपुर उर्फ़ मानवाला व गांव भरतपुर में क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य मूर्ति का अनावरण किया।

इस अवसर पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और युवाओं की भारी भीड़ उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारत के संविधान निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, जिला प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी रजनीश शर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि खुशहाल सिंह, रविंद्र कुमार, जगराम सिंह, डॉ. पवन, डॉ. सुशील कुमार, सागर चौधरी, राजा प्रधान, हिमांशु चौहान, सचिन चौधरी, राकेश कुमार पाल, डॉक्टर सरबजीत सिंह, पलविंदर सिंह, टीटू, अनिल शर्मा, दीपक शर्मा, बिट्टू पाल, डॉ. संदीप शर्मा, भारत सिंह, रविंदर, मंडल अध्यक्ष रायपुर सहदेव भारद्वाज, मंडल महामंत्री हेमराज चौहान, संदीप वर्मा, अनिल राणा, दुष्यंत सिंह, महावीर सिंह, देशराज सिंह, तेजपाल सिंह, नपेंद्र सिंह, राजीव कुमार, अभिनेंद्र सिंह, दिग्विजय, कुंवर शरद कुमार, सुधीर कुमार, कपिल कुमार, सोनू सैनी, धर्मेंद्र कुमार, पप्पू सैनी, अरुण सनी, मुनेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# किसान के घेर में लगी आग

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुर निवासी राजेन्द्र कुमार का घेर घर से कुछ दूरी पर स्थित है, जहां छप्पर डला हुआ था और उसमें लकड़ी, पुआल व अन्य घरेलू सामान रखा हुआ था, जिसमें अचानक आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरे घेर को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने रेत और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि वह काबू में नहीं आई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे में आग पर नियंत्रण पाया। तब तक पूरा सामान जलकर राख हो चुका था। मौके पर पहुंचे लेखपाल विशाल कुमार ने जले हुए सामान का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।



मौके पर जला हुआ सामान।

# कृष्णा कॉलेज की छात्राओं ने किया देहरादून का भ्रमण

**बिजनौर (चिंगारी)।** कृष्णा कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने देहरादून का भ्रमण किया। कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोर्मेशन टैक्नॉलोजी, बिजनौर के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज़ अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर छात्राओं को रवाना किया। छात्राओं ने देहरादून के टपकेश्वर महादेव और बुद्धा मंदिर का भ्रमण किया। बुद्धा मंदिर 220 फीट ऊंचा है। लच्छीवाला नेचर पार्क जो देहरादून अंतर्गत लच्छीवाला रेंज के एक हिस्से के रूप में 1982 में स्थापित है। इस मनोरम पार्क का एक समृद्ध इतिहास है। हरे-भरे जंगलों के बीच बसा और पानी के छोटे-छोटे कुंडों से सुसज्जित यह पार्क आगंतुकों को सुकून पाने और प्रकृति से जुड़ने के लिए एक मनोरम स्थान प्रदान करता है। छात्राओं ने डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता ज्योति चौहान, प्रीति चौहान, शिवानी, सायमा खानम तथा रोहित राजपूत के नेतृत्व में देहरादून उत्तराखंड का भ्रमण किया।



# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

बिजनौर ( चिंगारी )। आज सुबह यहां रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन कोई उसे पहचान नहीं सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि झालू रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन कोई उसे पहचान नहीं सका। मृतक की आयु 50-55 वर्ष के बीच है। अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी मृत्यु ट्रेन की चपेट में आकर हुई होगी। ये भी हो सकता है कि वह चलती ट्रेन से गिरा हो। मृतक का एक पैर धड़ से अलग था। उसकी गर्दन भी टूटी हुई थी। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# ईशा और सनी देओल ने धर्मेंद्र के निधन की खबरों को खारिज किया




नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की बेटी और अभिनेत्री ईशा देओल एवं अभिनेता पुत्र सनी देओल ने अपने पिता के निधन को लेकर चल रहीं बातों को सिरे से खारिज कर दिया है। ईशा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्पष्ट किया कि उनके पिता (धर्मेंद्र) की हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह किया। उन्होंने लिखा, ऐसा लगता है कि मीडिया बहुत ज्यादा सक्रिय है और झूठी खबरें फैला रहा है। मेरे पिता की हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहे हैं। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि हमारे परिवार को निजता दें। पापा के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद। धर्मेंद्र के पुत्र एवं अभिनेता सनी देओल की टीम के एक बयान के अनुसार, उनके पिता (धर्मेंद्र) की हालत स्थिर है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। आगे की जानकारियां उपलब्ध होने पर साझा कर दी जायेंगी। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि अपने प्रिय कलाकार की सेहत को अफ़वाहें न फैलाएं। सनी देओल ने लोगों से अनुरोध है कि उनके पिता के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करें और परिवार के निजता के अधिकार का सम्मान करें। धर्मेंद्र की पत्नी और मथुरा सांसद हेमा मालिनी ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट में ऐसी ही जानकारी दी और कहा कि उनके परिवार की निजता का सम्मान किया जाना चाहिए।

# किसानों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन देते हुए।

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक पंचायत एसडीएम कार्यालय के बाहर आयोजित की गई। जिसमें किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं व मांगों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष चै. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि आज के दौर में किसानों की स्थिति बिल्कुल भी ठीक नहीं है। जिसका कारण यह है कि किसानों को उनकी फसलों का ना तो उचित मूल्य मिल रहा है, ना ही समय से भुगतान मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी को एकजुट होकर अपने हितों की रक्षा के लिए लड़ना होगा। किसानों ने मुजफ्फरनगर के एक स्कूल में प्रताड़ित होकर किसान के बेटे उज्जवल राणा के जान देने की घटना पर अफसोस जताया। जिलाध्यक्ष चै. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं के संबंध में एसडीएम शैलेंद्र प्रताप को प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। एसडीएम ने तहसील स्तर की सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान कराने व शासन स्तर की मांगों से शासन को शीघ्र अवगत कराने का आश्वासन दिया। मुख्य मांगों में शुगर मिलों व उनके क्रय केंद्रों पर घटतौली रोकने, के लिए गन्ना समिति से एक-एक कर्मचारी छोड़कर घटतौली की जांच करके घटतौली रोकने, तुली पर्ची पर गन्ने का निर्धारित मूल्य अंकित करने, राजगढ़ वन क्षेत्र के किसानों को हाथियों के आतंक से मुक्ति दिलाने, नियामतपुर, सैदपुरी, गूढ़ा, गांवडी, टांडा आदि पंचायतों में बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने, लगातार फीस बढ़ोतरी करने वाले प्राइवेट स्कूलों पर कार्रवाई करने, नजीबाबाद डिवीजन से जुड़े बिजली घरों पर संविदा कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं से अवैध धन उगाही व अभद्रता बंद कराने, आदमखोर गुलदारों के आतंक से मुक्ति दिलाने आदि की मांग की गई। मासिक पंचायत में राष्ट्रीय महासचिव चै. पदम सिंह, जग्गन अली, सरदार जसवीर सिंह धारीवाल, सरदार जरनैल सिंह, डॉ. अरूण कुमार, मास्टर मुनेंद्र सिंह, अजयपाल सिंह, प्रीतम सिंह, फुरकान अली, शहाबुद्दीन अहमद, सामत रजा, मास्टर सुरेंद्र सिंह, शहजाद अली, मुब्बिशर बेग, अकरम अली आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली में आतंकी हमला निंदनीयः अबरार अहमद

नजीबाबाद (चिंगारी)। आम आदमी पार्टी जिला बिजनौर के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अबरार अहमद ने दिल्ली के लाले किला क्षेत्र में हुए आतंकी बम धमाके की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह बहुत ही घिनौनी हरकत है। इस घिनौनी हरकत करने के जुर्म में जो भी शामिल हैं इन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। यह इंसानियत के दुश्मन, इस धरती पर रहने लायक नहीं हैं। उन्होंने सरकार से इस घटना के दोषियों को जल्दी से जल्दी पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाने की मांग की।

# जर्जर हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से हादसा टला

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के बाजार कल्लूगंज में चर्च के पास सोमवार को दोपहर अचानक सड़क के ऊपर से गुजर रही जर्जर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिर पड़ा। जिससे उधर से गुजर रहे काफी राहगीर व ई-रिक्शा चालक चपेट में आने से बाल-बाल बच गये। जब इसकी सूचना देने के लिए साहनपुर के जेई राहुल श्रीवास्तव के मोबाइल पर कॉल की गई तो उन्होंने फोन उठाना गंवारा नहीं किया। बाद में लाइनमैन रजत कुमार को सूचना दी गई। जिसके बाद उन्होंने तुरंत लाइट बंद कराने के बाद मौके पर पहुंचकर हादसा होने से बचाया। उल्लेखनीय है कि कल्लूगंज व मछली बाजार में खुले बिजली के जर्जर तार चल रहे है। यह तार आएदिन टूटकर गिरते रहते है, जिससे बिजली व्यवस्था बाधित होने के साथ हादसे का खतरा रहता है। जबकि शासन से सभी स्थानों पर जर्जर तार हटाकर मोटा तार डालने के आदेश है।

# बीएलओ घर-घर जाकर गणना फार्म बांट रहे

नजीबाबाद (चिंगारी)। एसआईआर का कार्य शुरू होते ही नगर में सभी क्षेत्रों में बीएलओ गणना फार्म बांटने मे जुट गये है। बूथ लेवल ऑफिसर नजीबाबाद में घर-घर जाकर फार्म बांटने के साथ उन्हें भरने का काम कर रहे है। नगर के मौहल्ला सेवाराम के बीएलओ आमिर रात-दिन यह कार्य कर रहे है। गहनता से फार्म भरे जा रहे व बांटे जा रहे है। भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा के घर पहुंचे बीएलओ आमिर ने उनका फार्म भरा। उन्होंने कहा जल्दी ही वो अपने वार्ड के सभी फार्म बांट देंगे व उन्हें भरवा कर अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।



# सेंट मैरीज कॉलेज मंडावली में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सेंट मैरीस इंटर कॉलेज मंडावली के मैदान में सोमवार को हाउस वाइज खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों को चार बराबर-बराबर हाउस में करके उनके बीच खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक फादर जोंस आलूकल ने किया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने अपना ध्वज लेकर मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट की सलामी फादर जोस आलूकल ने ली। इसके बाद विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शीबा अगस्टी ने खेलकूद प्रारंभ की घोषणा की। उप प्रधानाचार्य सिस्टर शांता मरिया ने मशाल जलाई व उस मशाल को लेकर विद्यालय की छात्रा स्नेहा, फिलमन, अदीबा ने मैदान में चक्कर लगाया। उसके बाद मशाल प्रज्वलित कर दी गई। सर्वप्रथम 1500 मीटर वर्ग की सीनियर वर्ग की दौड़ कराई गई। इसके बाद अन्य दौड़ कराई गई। मुख्य आकर्षण छोटे बच्चों की बोरी दौड़ रही। विद्यार्थियों ने गोला फेंक, लंबीकूद, गेंद फेंक, चम्मच दौड़ आदि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में लाल हाउस प्रथम, नीला हाउस द्वितीय, हरा हाउस तृतीय व पीला हाउस चैथे स्थान पर रहा। विद्यालय के प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा की खेलकूद हमारे जीवन का अंग है, इससे हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। प्रतियोगिता में आलोक त्यागी, द्विजेंद्र त्यागी, मुकुल राठी, विशाखा, बीना, रविकांत, राशि, मृदुल, शिवानी, रूबी, मीनाक्षी, शिवओम राजपूत आदि स्टाफ का सहयोग रहा।



# कूड़ा डालने गयी महिला लापता





**किरतपुर ( चिंगारी )।** किरतपुर क्षेत्र के एक गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक महिला सुबह 6 बजे कूड़ा डालने गई थी, मगर वापस नहीं आई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस व वन विभाग के कर्मचारी व ग्रामीण जंगल में तलाश करने में जुटे थे। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम शाहपुर सुक्खा निवासी रमा (28 वर्ष) पत्नी दीपक सुबह करीब 6 बजे घर से बाल्टी में भरकर कूड़ा डालने के लिए गांव के बाहर गई थी। काफी देर तक वह वापस नहीं आई तो उसके पति ने जाकर देखा तो कूड़े पर बाल्टी पड़ी थी जिसमें आधा कूड़ा भरा था और उसका शॉल वहीं पर पड़ा था। गांव में शोर मच गया कि रमा को गुलदार उठाकर ले गया। सूचना मिलने पर पुलिस एवं वन विभाग की टीम भी पहुंची और ग्रामीण इकट्ठा हो गए। भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत भी इस गांव के रहने वाले हैं। राजपूत ने बताया कि कूड़ी के पास गुलदार के पंजों के निशान भी नहीं है और घसीटने के जैसा भी कोई निशान नहीं है। रमा गांव के प्राइमरी स्कूल में खाना बनाती है और गांव में ही किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रहती है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस, वन विभाग और ग्रामीण महिला को खोजने में लगे हुए थे। कुल मिलाकर गांव में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

## बहन के यहां नवजात भांजे को देखने गये युवक की दुर्घटना में मौत



नीशु कुमार का फाइल फोटो।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम उमरपुर नत्थन (नारायणवाला) निवासी पृथ्वी सिंह का 30 वर्षीय पुत्र नीशु कुमार रविवार की शाम धामपुर क्षेत्र के ग्राम बीरमपुर में अपनी बहन के घर अपने नवजात भांजे को देखने के लिए गया हुआ था, जहां उसकी दूसरी बहन भी आई हुई थी। सोमवार की प्रात: वह अपनी दूसरी बहन को धामपुर-नहटौर मार्ग स्थित उसकी ससुराल में छोड़कर पुन: धामपुर-स्योहारा मार्ग स्थित अपनी बहन के घर मोटरसाइकिल द्वारा बीरमपुर जा रहा था कि ग्राम हैजरपुर के पास मुरादाबाद की ओर से आ रही रोडवेज बस व निशु कुमार की बाइक की भीषण टक्कर में निशु कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। 3 साल पहले ही निशु कुमार का विवाह अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम शेरगढ़ निवासी ईशु देवी से हुआ था जिससे 2 वर्षीय एक पुत्र दिव्यम है। निशु कुमार की मौत से परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है और गांव में भी शोक की लहर है।

## भागूवाला से दिल्ली तक दौड़ रही डग्गामार बसें

### राजस्व को हो रहा नुकसान, समाजसेवी ने की कार्रवाई की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नांगल क्षेत्र में भागूवाला से बिजनौर होकर दिलशाद गार्डन दिल्ली तक बिना अनुमति के दौड़ रही डग्गामार प्राइवेट बसों पर अब एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। नांगलसोती निवासी समाजसेवी उमाकांत शुक्ला ने इस अवैध संचालन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बिजनौर को भेजे गए पत्र में उमाकांत शुक्ला ने कहा है कि भागूवाला स्टॉप से रोजाना सुबह लगभग पांच बजे और दोपहर तीन बजे डग्गामार प्राइवेट बसें बेरोकटोक बिजनौर होकर दिलशाद गार्डन तक दौड़ रही हैं। इन वाहनों का संचालन न तो किसी वैध परमिट के तहत है और न ही परिवहन विभाग की अनुमति से।

समाजसेवी का कहना है कि इन बसों के संचालन से शासन और निगम राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं रोडवेज बसों की सवारी भी प्रभावित हो रही है। इन बसों का प्रचार-प्रसार पंपलेट और कार्ड के माध्यम से खुलेआम किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को यह आभास होता है कि यह बसें वैध हैं। इससे पहले भी परिवहन विभाग को 13 अक्टूबर 25 को इस मामले में एक पत्र भेजा गया था, लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। एआरएम अशोक कुमार ने इस संबंध में एआरटीओ कार्यालय को डग्गामार बसों के खिलाफ कार्रवाई को पत्र लिखा है। एआरटीओ प्रवर्तन गौरीशंकर सिंह ने बताया कि बिना परमिट के डग्गामार बसें चल रही हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सतर्कता से ही रोका जा सकेगा दुर्घटनाओं को : सीओ

### पुलिस अधिकारियों ने छात्र छात्राओं को किया जागरूक



**शेरकोट ( चिंगारी )।** यातायात जागरूकता व मिशन शक्ति अभियान के तहत नगर के बाबू जी मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताकर अपराधों को रोकने के लिए जागरूक किया। सोमवार की दोपहर आयोजित हुए कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीओ अफजलगढ़ आलोक सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग पर जोर देते हुए इन्हें सुरक्षा कवच बताया। उन्होंने सड़कों के किनारे लगे बोर्डो पर बने यातायात नियमों के चिन्हों की पहचान कराते हुए निर्देशो का पालन करने को कहा। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने बच्चों के सवालों के उत्तर भी दिये और कहा कि सतर्कता से ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। इस दौरान बढ़ते साइबर अपराधों पर चर्चा करते हुए बच्चों और शिक्षकों को सोशल मीडिया, वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम और ऑनलाइन गेमिंग, फेक कॉल, ओटीपी शेयरिंग के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराधी नए नए तरीकों से घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, सतर्क रहकर इनसे बचा जा सकता है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, एसआई विपिन कुमार, हरेन्द्र मलिक, मोहित चौधरी, हेड कॉन्स्टेबल प्रदीप यादव, चैन सिंह, महिला कॉन्स्टेबल कविता, रीनू , प्रधानाचार्य रजनी चौहान, राहुल कुमार,मौ फैसल आदि स्कूल स्टाफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## ‘पोषण भी पढ़ाई भी’ के दूसरे चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ

**नहटौर ( चिंगारी )।** विकासखंड परिसर में बाल विकास परियोजना के अंतर्गत सोमवार को बाल विकास परियोजना नहटौर में ‘पोषण भी पढ़ाई भी’ के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें 05 सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया। सोमवार को आयोजित प्रशिक्षण के दूसरे चरण में बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमलता ब्लॉक कोऑर्डिनेटर योगेंद्र, रॉकेट लर्निंग, के प्रशिक्षक शोएब अख्तर ने ‘पोषण भी पढ़ाई भी आधारशिला, नवचेतना का परिचय, 3- 6 वर्ष के बच्चों के विकासात्मक क्षेत्र, प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में ई सी सी ई के लिए खेल आधारित गतिविधियां, ईसीसीई के लिए साप्ताहिक खेल आधारित कैलेंडर आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमलता ने बताया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण तीन दिन चलेगा, जिसमें 5 सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने भाग लिया।

## अधिवक्ता मनोज कुमार चुने गये तहसील बार एसोसिएशन के सचिव



**चांदपुर ( चिंगारी )।** तहसील बार एसोसिएशन चांदपुर के सचिव पद के लिए हुए चुनाव में युवा अधिवक्ता मनोज कुमार 97 मत पाकर विजयी रहे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कुलदीप चौधरी को 68 मत मिले। चुनाव में कुल 232 मतदाताओ में से 224 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सोमवार की सुबह को सचिव पद के लिए मतदान शुरू हुआ तथा उसके बाद मतों की गिनती की गई, जिसमें मनोज कुमार विजयी रहे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कुलदीप चौधरी को 68 व जुल्फुकार को 59 मत मिले। चुनाव के बाद अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित सचिव मनोज कुमार का फूलमालाओं से स्वागत किया। एल्डर कमेटी के चेयरमैन यशवीर त्यागी व समर सिंह राणा, ओमपाल सिंह, जोगराज सिंह व गुलाब सिंह की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। मालूम हो कि इससे पूर्व संदीप कुमार अध्यक्ष, शेखर चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विशाल चौधरी कनिष्ठ उपाध्यक्ष, अवनीश कुमार आडिटर व अर्चना शर्मा सहसचिव पहले ही निर्विरोध चुन लिये गये हैं।

## श्रद्धालुओं को फल वितरित किये

**नूरपूर ( चिंगारी )।** सोमवार को श्री गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व पर नगर में पंच प्यारों की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस कमेटी ने शिविर लगाकर नगर कीर्तन में आए हुए श्रद्धालुओं की सेवा करते हुए फलों का वितरण किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गुरमुख सिंह दीवान, नगर अध्यक्ष निजामुद्दीन, नगर उपाध्यक्ष आरिफ मकरानी, नगर महासचिव विरासत अंसारी, नगर सचिव साहिल अंसारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरकातपुर शुगर मिल में घटतौली न किये जाने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक नजीबाबाद की मासिक पंचायत गन्ना समिति नजीबाबाद में ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार की अध्यक्षता एवं दुष्यंत कुमार के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में गन्ना संबंधित समस्याओं को लेकर सचिव विजय शुक्ला को ज्ञापन दिया गया, जिसमें उत्तम शुगर मिल बरकातपुर द्वारा घटतौली न किये जाने, सहकारी समिति द्वारा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद दिया जाने, तीन कट्टे खाद की लिमिट समाप्त की जाने, गन्ने का मूल्य पर्चियों पर डाले जाने, जालपुर सराय आलम बिजलीघर के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाने, धान केंद्र पर तौल सही कराने आदि की मांगे की गई। इस मौके पर अजय कुमार जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह मंडल उपाध्यक्ष, बृजेश राणा, पप्पू, अजीत सिंह, सत्यपाल सिंह, पंकज, अभिषेक, रोहित कुमार, ऋषभ, साजिद, विजय सिंह, अनिल, बंटी, बब्बू, सोनू, गिरिराज, बलराम सिंह, अतुल, बिजेंद्र, बिल्लू, शुभम, हिमांशु, डॉक्टर शरीफ, इलियास आदि मौजूद रहे।


गन्ना समिति में मीटिंग करते किसान।

# इम्पीरियल इन्टरनेशनल स्कूल को मिली चैम्पियनशिप ट्रॉफी

नजीबाबाद (चिंगारी)। इम्पीरियल इन्टरनेशनल स्कूल, नजीबाबाद के कक्षा 3 से 10 तक विद्यार्थियों ने 17 वीं बिजनौर जिला ताइक्कांडो चैम्पियनशिप-2025 के अन्तर्गत 9 नवम्बर 2025 को नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में भाग लिया। गत वर्षों में अभी तक होने वाली जिला स्तरीय ताइक्कांडो चैम्पियनशिप के इतिहास में प्रथम बार इम्पीरियल इन्टरनेशनल स्कूल को प्रथम स्थान के रूप में चैम्पियनशिप की ट्रॉफी मिली। जिसमें दिव्यांगी पाल कक्षा-4 जतिन तोमर कक्षा-10, अक्स सिंह कक्षा-6, मौहम्मद अली व देव कुमार ने स्वर्ण पदक, अबु हमजा कक्षा-7, जिगर कश्यप कक्षा-7, नैतिक यादव कक्षा-5, काव्य कक्षा-4 ने सिल्वर पदक, शौर्य त्यागी कक्षा-10, मौ. जियान कक्षा-7, स्वर्णिम कक्षा-7, तेजस कक्षा-8, काव्यांशी कक्षा-4, कृतिका कक्षा-4 ने ब्रांज मेडल जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी विद्यालय कोच वंशिका चैहान एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय चेयरमैन ओम प्रकाश राजपूत एवं डायरेक्टर एकेडमिक/प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत ने विद्यार्थियों के इस कौशल की सराहना की एवं अपना शुभाशीष



# सुबह 8:04 मिनट पर दिल्ली में एंट्री, शाम को 6:52 पर धमाका...

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। दिल्ली में लाल किले के पास ब्लास्ट के बाद जांच एजेंसियां अब एक-एक मिनट की कहानी जोड़ने में जुटी हैं। जिस सफेद आई 20 कार में विस्फोट हुआ, उसने 10 घंटे 48 मिनट में राजधानी की कई सड़कों पर सफर किया। स्पेशल सेल ने 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है, जिससे कार की मूवमेंट का पूरा ब्लूप्रिंट सामने आ गया है। जांच के मुताबिक, 10 नवंबर की सुबह 8 बजकर 4 मिनट पर यह कार बदरपुर टोल बूथ से दिल्ली में दाखिल हुई। इसके बाद 8 बजकर 20 मिनट पर इसे ओखला इंडस्ट्रियल एरिया के पास एक पेट्रोल पंप पर देखा गया, जहां चालक ने थोड़ी देर गाड़ी रोकी। सीसीटीवी फुटेज में कार का नंबर प्लेट साफ दिख रहा है। करीब सात घंटे बाद दोपहर 3 बजकर 19 मिनट पर यह इ20 कार लाल किले के पास सुनहरी मस्जिद के पास बने पार्किंग एरिया में दाखिल होती दिखी। जांच में सामने आया है कि यह कार वहां करीब तीन घंटे तक खड़ी रही। शाम 6 बजकर 22 मिनट पर कार पार्किंग से बाहर निकली और कुछ देर बाद दरियागंज और कश्मीरी गेट की ओर बढ़ी। शाम 6 बजकर 52 मिनट पर, यानी बाहर निकलने के सिर्फ 30 मिनट बाद, इस कार में भयंकर विस्फोट हुआ। धमाके की आवाज़ दूर-दूर तक सुनी गई। चंद सेकंडों में धुएं और चीख-पुकार ने पुरानी दिल्ली का इलाका दहला दिया। पुलिस, फायर ब्रिगेड और फॉरेंसिक टीमें मौके पर पहुंचीं। स्पेशल सेल ने ब्लास्ट साइट के अलावा दरीयागंज, कश्मीरी गेट और सुनहरी मस्जिद के आसपास के सभी कैमरों की जांच की।

# हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री का स्वागत किया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर निवासी आदेश चैधरी को हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर सूर्यकांत सिंह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश का महामंत्री बनाया है। सोमवार को उनके गृह जनपद में आने पर उनके समर्थकों ने यूपी उत्तराखंड के ग्राम भागूवाला में वालिया रिसॉर्ट पर कार्यक्रम आयोजित कर उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। अपने स्वागत समारोह में आदेश चैधरी ने सभी शुभचिंतकों का आभार जताते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसी विचारधारा के अनुसार संगठन को आगे ले जाने के प्रति कार्य किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख अवधेश कुमार, रविंद्र सिंह, राकेश त्यागी, ललित देशवाल, राघव प्रताप एडवोकेट, सतीश त्यागी, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. चरण सिंह, सतीश त्यागी, मास्टर नीरज, सुनील त्यागी, पंकज त्यागी, सुशील कुमार, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, सुशील कुमार, पुनीत चैहान, जोगिंद्र सिंह, सचिन देशवाल आदि समर्थकों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# आंखों में आंसू, बेसहारा परिवार और छूटा अपनों का साथ...

## दिल्ली ब्लास्ट में बिखर गए कई घरों के सपने

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दिल्ली की शाम हमेशा की तरह चहल-पहल भरी थी। लाल किले के आसपास पर्यटकों की भीड़ थी, दुकानों के बाहर लोगों की आवाजाही जारी थी। लेकिन 10 नवंबर की शाम 6 बजकर 52 मिनट पर आई एक तेज धमाके की आवाज ने सब कुछ बदल दिया। कुछ ही पल में बाजार की रौनक चीख-पुकार में बदल गई, हवा में बारूद की गंध घुल गई और सड़कें खून से लाल हो गईं। इस एक पल ने कई घरों के चिराग बुझा दिए, मांओं की गोद उजाड़ दी, और कुछ परिवारों को हमेशा के लिए अधूरा कर दिया।

श्री निवासपुरी, दिल्ली के रहने वाले अमर कटारिया के घर आज मातम पसरा हुआ है। 34 वर्षीय अमर की हर सुबह उम्मीदों से भरी होती थी। भागीरथ पैलेस में वह एक होलसेल दवा की दुकान पर काम करते थे। जहां से रोजमर्रा का कारोबार चलता था। शनिवार को भी वो हमेशा की तरह दुकान से घर लौट रहे थे, हाथ में दवाइयों की थैली थी और मन में भविष्य की योजनाएं चल रही थी। लेकिन उन्हें क्या पता था कि घर पहुंचने से पहले ही किस्मत की डोर टूट जाएगी। लाल किले के पास जैसे ही कार में धमाका हुआ उसी पल में सब खत्म हो गया।



अमर के परिवार के लोग अभी तक यकीन नहीं कर पा रहे कि वह अब नहीं रहे। घर वाले बार-बार बेहोश हो जा रही हैं। मां की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे। पड़ोसी बताते हैं कि अमर न सिर्फ अपने घर के बल्कि पूरे मोहल्ले के लिए मददगार थे। किसी की दवा खत्म हो जाए, किसी का बच्चा बीमार हो, सबसे पहले अमर पहुंचते थे। वह इकलौते कमाने वाले थे। अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र के मंगरौला गांव के 34 वर्षीय अशोक कुमार, जो दिल्ली में बस कंडक्टर का काम करते थे, इस हादसे में अपनी जान गंवा बैठे। अशोक दिल्ली में किराए के मकान में पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते थे। पिता का देहांत कई साल पहले हो चुका था, और मां गांव में अकेली थीं। अशोक हर महीने मां के लिए पैसे भेजते थे। अब वही मां, जिन्हें अभी तक बेटे की मौत की खबर नहीं दी गई है, हर किसी से पूछ रही हैं मेरा बेटा कब आएगा ? अशोक न सिर्फ अपने घर बल्कि अपनी बहन और उनके परिवार की मदद भी करते थे। परिवार के लोगों का कहना है, वो दो परिवारों का सहारा थे। अब मां के आंसू थम नहीं रहे। गांव में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंच चुके हैं, लेकिन किसी के पास उस मां के लिए जवाब नहीं है, जिसने अपने इकलौते बेटे को खो दिया है। यूपी के देवरिया जिले के भलुअनी बाजार में आज हर कोई एक ही नाम ले रहा है शिवा जायसवाल। 30 साल के करीब उम्र का शिवा दिल्ली में व्यापार के सिलसिले में गया था। रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाने वाला शिवा हर दो-तीन महीने में दिल्ली जाकर माल खरीदता था। 9 नवंबर की रात वो बस से दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। 10 नवंबर की रात जब टीवी चैनलों पर दिल्ली ब्लास्ट की खबर चली, तभी परिवार के होश उड़ गए। कुछ घंटों बाद दिल्ली पुलिस ने पुष्टि की कि घायल सूची में देवरिया के शिवा जायसवाल का नाम भी है। घर में मातम का माहौल है। पिता का साया पहले ही उठ चुका है और मां माया जायसवाल कैंसर से जूझ रही हैं। वो भाजपा के स्थानीय नेता भी हैं। बेटे के घायल होने की खबर सुनते ही वो बेहोश हो गईं।

# 12 मौतें, कई घायल...

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम ह्युंडई आई 20 कार में हुए भीषण विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए। जांच में पता चला कि कार तीन घंटे तक गोल्डन मस्जिद पार्किंग में खड़ी थी। एनआईए, एनएसजी और दिल्ली पुलिस की टीमें जांच में जुटी हैं, जबकि देशभर में हाई अलर्ट जारी है। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम हुआ धमाका देश को झकझोर देने वाला साबित हुआ। यह घटना न केवल राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि इसके तार कई राज्यों तक फैले आतंक नेटवर्क से जुड़ते दिख रहे हैं। जांच एजेंसियों की शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट जैसे उच्च क्षमता वाले विस्फोटक का इस्तेमाल हुआ था। यह पूरा मामला अब एनआईए, एनएसजी और दिल्ली पुलिस की विशेष इकाइयों की जांच के दायरे में है।

3:19 बजे शाम- सफेद रंग की ह्युंडई आई 20 कार गोल्डन मस्जिद पार्किंग (लाल किला मेट्रो स्टेशन गेट नंबर 1 के पास) में दाखिल हुई। यह कार लगभग तीन घंटे तक वहीं खड़ी रही।



6:48 बजे शाम- कार पार्किंग से निकलती हुई सीसीटीवी फुटेज में दिखी। यह कुछ ही मिनटों बाद सुबहाशर ट्रैफिक सिग्नल (गेट नंबर 1 के पास) पहुंची।

6:50 बजे शाम- कार रेड लाइट पर धीमी गति से खड़ी थी, तभी भीषण धमाका हुआ। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास खड़ी कम से कम छह गाड़ियां और तीन ऑटो-रिक्शा जलकर खाक हो गए। 12 लोगों की मौत हो गई। कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

7:00 बजे शाम- दिल्ली फायर सर्विस की ओर से 7 फायर टेंडर मौके पर भेजे गए। आसपास का इलाका सील कर दिया गया।

7:02 बजे- दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल की टीमें जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचीं।

7:29 बजे- लगभग 37 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जांच और सुराग जुटाने की कार्रवाई तेज की गई।

7:30 बजे के बाद- दिल्ली पुलिस ने बदरपुर बॉर्डर से लेकर लाल किला क्षेत्र तक के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। लगभग 200 पुलिसकर्मियों ने फुटेज की जांच की। 100 सीसीटीवी फुटेज की जांच चल रही है। फुटेज से पता चला कि कार पहले गोल्डन मस्जिद पार्किंग में 3 घंटे खड़ी रही, फिर 6:48 पर निकली और कुछ ही मिनटों में धमाका हुआ।

## दिल्ली धमाके से जुड़े 100 सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहीं एजेंसियां

कार में अमोनियम नाइट्रेट जैसे विस्फोटक पदार्थ होने के संकेत मिले। फरीदाबाद से भी संदिग्ध विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने फरीदाबाद क्राइम ब्रांच और जम्मू-कश्मीर पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। जम्मू-कश्मीर में कई ठिकानों पर पुलिस छापेमारी की गई। यहां 38 वर्षीय पुलवामा का निवासी और टिपर ड्राइवर तारीक अहमद डार को गिरफ्तार किया गया है। उसके साथियों में इमरान उर्फ मौलवी (शोपियां) के ठिकाने पर भी छापेमारी की गई। सीसीटीवी और इंटेलिजेंस लीड्स के आधार पर अब तक करीब 13 संदिग्धों से पूछताछ की गई है। धमाके को लेकर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मामला यूएपीए के तहत दर्ज किया गया है। साथ ही हत्या और हत्या के प्रयास की धाराएं भी जोड़ी गईं। इस धमाके के बाद दिल्ली समेत देश के कई बड़े शहरों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में देश विरोधी नेटवर्क पर पुलिस का शिकंजा, 50 से ज्यादा संदिग्ध हिरासत में लिये गये

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए घाटी के विभिन्न जिलों में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई बडगाम, बारामूला, गांदरबल, अनंतनाग, कुलगाम, पुलवामा और शोपियां जिलों में की गई। प्रवक्ता ने बताया कि मध्य कश्मीर के बडगाम में पुलिस ने अमेरिका स्थित 'लॉबिस्ट' गुलाम नबी फई के अलगावादी नेटवर्क पर नकेल कसी, जिसे एनआईए अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। फई पर यूएपीए के तहत मामला दर्ज है और उसकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है। फई पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित कश्मीरी अमेरिकन काउंसिल (केएसी) का प्रमुख है। उन्होंने बताया कि गांदरबल जिले में पुलिस ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से संचालित होने वाले जम्मू-कश्मीर मूल के व्यक्तियों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की और 39 लोगों को जन शांति और सुरक्षा के लिए हानिकारक गतिविधियों में शामिल होने के संदेह में हिरासत में लिया गया।

# सम्मान समारोह के आवेदन 14 नवंबर तक होंगे जमा



बिजनौर (चिंगारी)। एससी एसटी वर्ग के मेधावी क्षात्रों का सम्मान समारोह 16 नवंबर को आयोजित होगा। जनपद के मेधावियों का यह 23वॉं सम्मान समारोह होगा। इसके लिए 14 नवम्बर तक आवेदन जमा किये जा सकते हैं। अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र कल्याण समिति के वरिष्ट सदस्य रामनाथ सिंह की अध्यक्षता एवं प्रवक्ता चंद्रहास सिंह के संचालन में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। समिति बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एवं अन्य महापुरुषों के सिद्धांतों का अनुकरण करते हुए, जनपद के मेधावियों को सम्मानित कर छात्रों में शिक्षा के प्रति सकारात्मकता उत्पन्न करने का कार्य कर रही है। आगामी 16 नवंबर को वर्ष 2025 को ऐसे मेधावी जिन्होंने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट 70 प्रतिशत व स्नातक एवं स्नातकोत्तर 60 प्रतिशत से उत्तीर्ण किया हो, साथ ही जिन छात्रों ने एमबीबीएस, एमएस, पीएचडी,नेट जीआरएफ एवं पीसीएस की परीक्षा उत्तीरण की हो, उन्हें 16 नवंबर को 23 वें सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा इसके आवेदन 14 नवंबर को सांय 5 बजे तक राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में चंद्रहास सिंह, नरेंद्र कुमार,लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह एवं डीएवी इंटर कॉलेज बिजनौर में चंदू सिंह, लेफ्टिनेंट राजेंद्र कुमार एवं राजवीर सिंह के पास जमा कराये जा सकते हैं है। इस अवसर पर तेजपाल सिंह, उमेश, विक्की हल्दुवा, चंदू सिंह, देवेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश सिंह, राजेश कुमार, रवि, आकाश दीप, सुरेश कुमार भारती आदि मौजूद रहे।

# उर्दू दिवस पर धामपुर में हुआ कार्यक्रम, शायरों ने समा बांधा



बिजनौर (चिंगारी)। बज़्म-ए-क़मर धामपुर के तत्वावधान में यौम-ए-उर्दू जनाब हैदर अली आढ़ती के निवास स्थान पर अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क़ारी नौशाद आलम 'शाद' ने की तथा संचालन इरशाद धामपुरी ने किया। इस अवसर पर उर्दू भाषा के इतिहास और उसके भविष्य पर विचार व्यक्त किए गए। अल्लामा इक़बाल की जीवन-गाथा और उनकी सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही शिक्षा को इंसान का मूल अधिकार बताने वाले महान विचारक मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की उर्दू और शिक्षा के क्षेत्र में की गई मेहनत और प्रयासों पर भी रोशनी डाली गई। स्वतंत्रता संग्राम में मौलाना मोहम्मद अली जौहर की कुर्बानियों और शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को भी याद किया गया। इस मौके पर शेरी निशस्त का भी आयोजन किया गया, जिसमें शायरों ने अपना कलाम सुना कर खूब वाह वाही लूटी। मुख्य शेर प्रस्तुत हैं- नूर आलम नूर ने कहा- जो भी सरकार-ए-दो आलम का दीवाना होगा, उसके कदमों के तले सारा ज़माना होगा। नौशाद आलम 'शाद', अलीग, धामपुरी ने फरमाया- शायर एक से एक बढ़कर है जहां में मोतबर, पर कोई इक़बाल के जैसा नहीं आता नज़र व राशिद हमीदी धामपुरी ने कहा -मसाइल से मिल्लत के बेचैन हूं मैं, सिवा इसके राशिद नहीं कोई ग़म भी। इनके अलावा हबीब धामपुरी, शहज़ाद आलम, शमशेर अली शम्स, नफ़ीस मंज़र, आरिफ़ रसूलपुरी, अनवर अहमद अनवर, नईम जज़्बी, इरशाद धामपुरी ने भी अपना कलाम सुनाया। यौम-ए-उर्दू के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उर्दू-प्रेमियों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। श्रोताओं में जनाब हैदर अली, शफ़ीक़ अहमद मुन्ना, शकील अहमद, नफ़ीस अहमद, मोहम्मद ज़ाकिर, शहज़ाद लाला, अरहान, मोहम्मद इक़बाल आदि ने शायरों को दिल खोलकर दाद दी। कार्यक्रम के अंत में जनाब हैदर अली ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# विद्यालय में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

नगीना (चिंगारी)। एस एस के इंटरनेशनल एकेडमी में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या अंशु विश्नोई ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच हुई। पक्ष तथा विपक्ष की इस वाद - विवाद प्रतियोगिता में चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने अपने ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया।



एस एस के इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित वाद- विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

# ग्रीन आर्मी देवभूमि ने स्वच्छता की अलख जगाई
# सिद्धबली मंदिर पार्क में सदस्यों ने की सफाई



सिद्धबली मंदिर पार्क में स्वच्छता अभियान चलाकर कूड़ा एकत्रित किया।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे ग्रीन आर्मी देवभूमि संगठन की ओर से संगठन की आठवीं वर्षगांठ के अवसर पर सोमवार को स्वच्छता ही सेवा मूलमंत्र के साथ सिद्धबली मंदिर पार्क में सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष शिवम नेगी ने कहा कि संगठन भविष्य में भी इस प्रकार के पर्यावरणीय दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उत्तराखंड देश के स्वच्छ और हरित राज्यों में अपनी पहचान बनाये रखे। कहा कि वर्तमान में लोग धार्मिक स्थलों पर आते हैं, लेकिन अपने साथ लाये हुए प्लास्टिक के सामान को धार्मिक स्थलों के आसपास ही छोड़ जाते हैं, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक होता है। उन्होंने लोगों से ऐसा न करने की अपील की। मौके पर संगठन के स्वयंसेवकों ने पार्क से गैर-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक अपशिष्ट और अन्य कूड़ा-करकट एकत्रित कर निस्तारित किया। इस दौरान संगठन उपाध्यक्ष शालिनी नेगी, कोषाध्यक्ष सौरभ धूलिया, सहसचिव शालिनी कुलाश्री, कार्यकारणी सदस्य अभय जुयाल व सुशांत कोहली सहित दीपक मैंदोला, संदीप रावत, कुलवीर नेगी, सुमित नेगी और सतेंद्र गुसाई आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन
# डेफोडिल्स एवं डीएवी स्कूल रहे विजेता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित अंडर 14 व अंडर 19 बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हो गया है। अंडर 19 वर्ग में डीएवी और अंडर 14 में डेफोडिल्स स्कूल विजयी रहा। रविवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले गए। मैचों का आरंभ प्रधानाचार्य नितिन भाटिया एवं पर्यवेक्षिका सारिका रावत ने सभी टीम के प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त कर किया।

तत्पश्चात अंडर.19 वर्ग का पहला सेमीफाइनल एसजीआरआर और एम के वी एन के बीच खेला गया जिसमें एसजीआरआर ने जीत हासिल की। वहीं बलूनी पब्लिक स्कूल और डीएवी के बीच खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में डीएवी की टीम विजयी रही। फाइनल में डीएवी पब्लिक स्कूल की टीम ने एसजीआरआर को 33-30 से हराकर फाइनल अपने नाम किया। वहीं अंडर 14 वर्ग के पहले सेमीफाइनल में डीएवी ने एमकेवीएन और दूसरे सेमीफाइनल में डेफोडिल्स स्कूल ने बलूनी पब्लिक स्कूल को हराया। फाइनल में डेफोडिल्स स्कूल की टीम ने डीएवी को 25-22 से हराया। अंडर 14 वर्ग में कृतिका चौहान को बेस्ट रेडर व अंतरीक्षा को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार दिया गया। वहीं अंडर 19 वर्ग में नेहा को बेस्ट रेडर व जिया को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में शहर के 19 विद्यालयों की कबड्डी टीमों ने प्रतिभाग किया। समापन समारोह में विजेता व उपविजेता टीमों को प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने पुरस्कृत करते हुए कहा कि कबड्डी शरीर को स्फूर्ति प्रदान करता है। इसलिए छात्रों को आउटडोर गेम में भी अभिरुचि लेनी चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अशोक निर्दोष व मंजू जौहरी को दिया गया 'चन्द्र ज्योति सम्मान'



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कामिनी माहेश्वरी शैवाल स्मृति ट्रस्ट एवं साहित्यांचल संस्था कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल के तत्वावधान में 'चंद्र ज्योति सम्मान 2025' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, मुख्य अतिथि योगेंद्र प्रसाद गिलारा, नंदकिशोर, चंद्र प्रकाश नैथानी, डॉक्टर वेद प्रकाश shaival, राकेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। चंद्र ज्योति पब्लिक स्कूल की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना एवं शिक्षिकाओं कुसुम सुंडली, मंजू पिपलियाल, शशि लखेड़ा, सीमा Raturi, कुसुम जन्याल, प्रीति चिल्डियाल द्वारा वंदे मातरम का गायन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रप्रकाश नैथानी एवं संचालन रमेश माहेश्वरी राजहंस द्वारा किया गया। चंद्र ज्योति सम्मान से वरिष्ठ साहित्यकार अशोक निर्दोष बिजनौर एवं कवयित्री मंजू जौहरी नजीबाबाद को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में राजदीप माहेश्वरी, विजय कुमार माहेश्वरी, महेंद्र अग्रवाल, विनोद नेगी, गोपाल माहेश्वरी, mita माहेश्वरी एडवोकेट, गोपाल माहेश्वरी, अजय माहेश्वरी मौजूद रहे।

# जीआरआर पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल सप्ताह प्रारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में सोमवार से वार्षिक खेल सप्ताह आरंभ हो गया है। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। खेल सप्ताह का आरंभ विद्यालय प्रधानाचार्य डी एस नेगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात गुब्बारों का गुच्छा और श्वेत कबूतरों का जोड़ा आकाश में उड़ाकर खेल सप्ताह की शुरूआत की गई। सोमवार को प्रथम दिवस पर प्राथमिक वर्ग में जलेबी रेस, बैलून रेस, फ्रॉग रेस, सैक रेस, स्पून रेस तथा चेयर रेस व जूनियर स्तर पर बैडमिन्टन, खो-खो, रिले रेस, शतरंज, कैरम व बास्केट बाल आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

# स्थगित भर्ती परीक्षाओं की विज्ञप्ति जारी करने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बीएड प्रशिक्षित महासंघ प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने प्रदेश सरकार से स्थगित भर्ती परीक्षाओं की विज्ञप्ति शीघ्र जारी करने की मांग की है। सोमवार को यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अभी तक पुरूष महिला फॉरेस्ट गार्ड सहित पूर्व में स्थगित अन्य भर्ती परीक्षाओं की विज्ञप्ति जारी नहीं हो पाई है, जिस कारण बेरोजगारों में निराशा का भाव पनप रहा है। मौके पर उन्होंने भविष्य में होने वाली होने दरोगा भर्ती परीक्षा में गणित के प्रश्नों को कम करने की मांग भी की।

# सत्य बोलने पर हमारे विचार, वाणी व कर्म में आती है एकरूपता : रसिक महाराज

## सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रानीपोखरी ग्राम डांडी बड़कोट भगवती सदन में दिव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ हो गई। इस अवसर पर व्यासपीठ पर विराजमान नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि भागवत का फल स्वयं भगवान है। मानव जीवन ईश्वरीय अनुग्रह है। यह धर्म की सिद्धि, अस्तित्व के जागरण और सत्य की प्राप्ति के लिए हमें मिला है। चिर स्थायी सुख भौतिक सुखों या क्षणिक आनंदों में नहीं, बल्कि सत्य, विवेक, त्याग, सेवा, सत्संग, और शुभ संकल्पों में निहित है। सत्य केवल शब्द नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है। सत्य बोलना मात्र नैतिकता का पालन नहीं है, यह जीवन जीने की आध्यात्मिक विधि है। सत्य में वह शक्ति है, जो मन को शांत करता है, संबंधों में सुदृढ़ता और आत्मा को ईश्वर के समीप लाता है। सत्य हमें भीतर से निर्भय बनाता है। जब हम सत्य बोलते हैं, तो हमारे विचार, वाणी और कर्म — तीनों में एकरूपता आती है। यही समरसता आत्मिक बल और स्थायी शांति का स्रोत बनती है। झूठ बोलने वाला व्यक्ति कभी भी सफलता और सम्मान का आनंद नहीं ले सकता है, जबकि सत्यनिष्ठ व्यक्ति ही जीवन में अनुकूलता और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करता है। मन को साधना वास्तव में कठिन है, लेकिन असंभव नहीं। मन हमारी सभी अवस्थाओं का कारण है, और यह हमारे पतन और उन्नति दोनों का कारण बन सकता है आज इस अवसर पर कथा आयोजन समिति के प्रवक्ता प्रभात पंवार, साध्वी माँ देवेश्वरी, शकुन्तला मनवाल, सुमति सिलस्वाल, आचार्य दामोदर नौडियाल, महावीर पंत आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# दिल्ली ब्लास्ट की जांच तेज

## फरीदाबाद में छापे-पुलवामा में डॉ. उमर के दो भाई और मां हिरासत में

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन गेट नंबर-1 के पास सोमवार शाम करीब 6:50 बजे हुए भीषण धमाके ने राजधानी को दहला दिया। एक ह्युंडई i 20 कार में अचानक विस्फोट हुआ, जिससे आग तेजी से फैल गई और आसपास खड़ी छह गाड़ियां और कई ऑटो जलकर खाक हो गए। हादसे में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका एलएनजेपी अस्पताल में इलाज चल रहा है।



धमाके के बाद इलाके में भारी अफरातफरी मच गई। चश्मदीदों के मुताबिक, मौके पर चारों ओर धुआं और लाशों के टुकड़े बिखरे थे। सूचना मिलते ही 20 से अधिक फायर टेंडर, दिल्ली पुलिस, एनएसजी, एनआईए और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंचीं। सरकार ने इसे संभावित आतंकी हमला मानते हुए यूएपीए (UAPA) के तहत मामला दर्ज किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने मौके का दौरा कर जांच के आदेश दिये। दिल्ली और मुंबई सहित बड़े शहरों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

लाल किला कार ब्लास्ट पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 10 नवंबर को हुई इस भयावह घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति पूरी न्यायपालिका संवेदना व्यक्त करती है। CJI ने देश के कानून के शासन और नागरिकों की गरिमा की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम 6:52 बजे हुआ कार ब्लास्ट राजधानी के लिए बड़ा झटका साबित हुआ। हादसे में 9 लोगों की मौत और 20 घायल हुए। जांच में खुलासा हुआ कि i20 कार विस्फोट से पहले करीब तीन घंटे सुनहरी मस्जिद के पास पार्क में थी। शुरुआती जांच में फिदायीन हमले की आशंका जताई गई है। इस हमले में चार डॉक्टर्स के कनेक्शन सामने आए हैं। दिल्ली लाल किला ब्लास्ट के बाद यूपी एटीएस ने सहारनपुर, शामली और मुजफ्फरनगर में कई ठिकानों पर छापेमारी की है।

## दिल्ली ब्लास्ट मामले में 6 हिरासत में लिये गये

दिल्ली के लाल किला ब्लास्ट मामले में जांच एजेंसियों ने अब तक जम्मू-कश्मीर से कुल 6 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने 10 नवंबर की रात पुलवामा के संबूरा इलाके से तीन संदिग्धों- आमिर राशिद मीर, उमर राशिद मीर और तारिक मलिक को गिरफ्तार किया। वहीं डॉक्टर उमर नबी के परिजन -जाहूर, आशिक और शमीमा बानो से हिरासत में पूछताछ जारी है।

## धमाके के बाद से लाल किला मेट्रो स्टेशन बंद

लाल किला धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन मेट्रो स्टेशन को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने गेट नंबर 1 और 4 को सील कर दिया है ताकि लोगों की आवाजाही लाल किला परिसर की ओर न हो सके। मौके पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है और आसपास के इलाकों में निगरानी तेज कर दी गई है।





होटल में स्टाफ की आवश्यकता

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901